* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 232

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी न होने पर 14 को हरियाणा बंद का एलान

बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय का नया अवतार, बने 'जगतगुरु रामानुजाचार्य'

● जीयर स्वामी जी महाराज ने पद पर किया आसीन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय अब नये अवतार में आ गये हैं। वह अब 'जगतगुरु रामानुजाचार्य' बन गये हैं। देश के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्रीश्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने पूर्व आइपीएस अधिकारी गुप्तेश्वर पांडेय को चादर ओढ़ा कर नये पद पर आसीन कराया। जीयर स्वामी जी महाराज ने विंध्य क्षेत्र में अवस्थित गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में अपने संकल्पित चातुर्मास्य व्रत के पावन अवसर पर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए बिहार के पूर्व डीजीपी को भगवान के सानिध्य में चादर ओढ़ाया और 'जगतगुरु

रामानुजाचार्य' के पद पर आसीन किया।

सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार करने का लिया संकल्प : जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा 'जगतगुरु रामानुजाचार्य' के पद पर आसीन किये जाने के बाद गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि अब जीयर स्वामी जी महाराज के आदेशों का पालन करते हुए वह पूरे देश में भ्रमण कर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे।

कथा वाचक के रूप में सक्रिय हैं गुप्तेश्वर पांडेय : बता दें कि डीजीपी पद से रिटायर होने के बाद से गुप्तेश्वर पांडेय सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के तहत कथा वाचन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस क्षेत्र में भी उन्हें काफी प्रसिद्धि हासिल हो रही है।

प्रफुल्लित दिखे गुप्तेश्वर पांडेय : 'जगतगुरु रामानुजाचार्य' के पद पर आसीन होने के बाद गुप्तेश्वर पांडेय काफी प्रफुल्लित दिखायी दिये। उन्होंने नये पद को कृतार्थ हृदय से स्वीकार किया। इस मौके पर बिहार के एडीजी अमृत राज और गढ़वा जिले के पूर्व डीडीसी सत्यनारायण उपाध्याय सहित कई श्रद्धालुओं ने भक्त जीयर स्वामी जी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रचंड गर्मी के कारण राज्य के सभी स्कूल 14 तक बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी स्कूल 14 जून तक बंद रहेंगे। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और सभी प्राइवेट स्कूलों पर लागू होगा।

आदेश में कहा गया कि बंद की विस्तारित अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते

हुए सूचित किया जायेगा। यह आदेश 12 जून से 14 जून तक लागू रहेगा।

12 जून से खुल रहे थे स्कूल : बता दें कि राज्य में गर्मी छुट्टी के बाद अधिकतर स्कूल 12 जून को खुलने वाले थे। लेकिन प्रचंड गर्मी को लेकर अभिभावक काफी परेशान थे। इसको लेकर पासवा और झारखंड अभिभावक संघ ने शिक्षा सचिव से छुट्टी बढ़ाये जाने की मांग की थी। इस संबंध में पासवा के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे और झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने और लू चलने के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर है। राजधानी रांची समेत जमशेदपुर, चाईबासा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, पलामू, गढ़वा सहित अन्य जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी होगी।

अभिभावकों को राहत : इधर शिक्षा सचिव के आदेश के बाद अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। कई अभिभावकों ने कहा कि सरकार के इस आदेश से बच्चों को कुछ राहत मिलेगी। 14 जून के बाद स्थित ऐसी ही रही, तो छुट्टी बढ़ाने की मांग एक बार फिर से की जायेगी।

सेना जमीन घोटाले में इडी की पूछताछ दूसरे दिन भी जारी

जमीन घोटाले में हवाला रैकेट भी आया सामने

■ दिलीप घोष ने माना, जगतबंधु टी इस्टेट के खाते में अमित अग्रवाल का ही पैसा आता था

■ फिर उस रकम को उनके कहने पर दूसरे खातों में बाहर भेजा जाता था

■ आज अदालत में होगी दोनों की पेशी, रिमांड बढ़ाने का आग्रह करेगी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन के घोटाले की जांच के क्रम में अब एक बड़े हवाला रैकेट का भी पता चला है। इडी द्वारा कारोबारी अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष से दूसरे दिन की पूछताछ के दौरान यह रैकेट सामने आया है। सेना की जमीन को खरीदनेवाले दिलीप घोष ने इडी की पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसके खाते में अमित अग्रवाल का ही पैसा जमा कराया जाता था और उनके कहने पर ही उस खाते से रकम को दूसरे खातों में बाहर भेजा जाता था। खाते का बाकी संचालन भी अमित अग्रवाल के निर्देश पर ही होता था। इस जानकारी के सामने आने के बाद अब जमीन घोटाले की जांच का दायरा बढ़ता हुआ नजर आने लगा है।

जानकारी के अनुसार रविवार को दिलीप घोष ने पूछताछ में स्वीकार किया कि जगतबंधु टी इस्टेट के खाते का वास्तविक संचालन अमित अग्रवाल ही करते थे। उनके कहने पर ही खाते से रकम को इधर-उधर किया जाता था। जब अमित अग्रवाल से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कुछ याद नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके कर्मचारी ही इस बारे में विस्तृत जानकारी दे सकते हैं।

अमित अग्रवाल ने स्वीकारा अधिवक्ता राजीव कुमार के पास से बरामद रकम विकास जैन की थी : इडी ने अमित अग्रवाल से अधिवक्ता राजीव कुमार मामले के बारे में भी विस्तार से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार, अमित अग्रवाल ने इडी को बताया है कि अधिवक्ता के पास से बरामद 50 लाख रुपये कोलकाता के व्यवसायी विकास जैन के खाते से निकाले गये थे।

बरियातू-हेहल की जमीन जब्त कर सकती है इडी

इस बीच सूत्रों ने बताया है कि बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन को इडी अपने कब्जे में लेने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा हेहल की करीब सात एकड़ जमीन को भी इडी अपने कब्जे में लेने की तैयारी कर रही है।

रिमांड बढ़ाने का आग्रह करेगी इडी

अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की रिमांड की अवधि सोमवार को खत्म हो रही है। जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान नयी जानकारी मिलने के बाद इडी इन दोनों की रिमांड अवधि बढ़ाने का आग्रह अदालत से करेगी।

दूसरे दिन के बंद ने थामी रफ्तार

देवेंद्र नाथ महतो सहित कई समर्थक हिरासत में, देर शाम छोड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा आहूत दो दिवसीय बंद रविवार को समाप्त हो गया। बंद के दूसरे दिन राज्य के कई जिलों में यह बंद प्रभावी नजर आया। पहले दिन भी बंद काफी हद तक असरदार रहा था। इस कारण पुलिस दूसरे दिन अलर्ट मोड पर थी। रांची में बंद समर्थकों से निपटने के लिए डेढ़ हजार जवान तैनात किये गये थे। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही थी। इसके अलावा दो ड्रोन कैमरे भी लगाये गये थे।

रांची-रामगढ़ फोरलेन को जाम रखा : बंद समर्थकों ने रांची-रामगढ़ फोरलेन को कई घंटे तक जाम रखा। इस दौरान बिहार के

एक सांसद भी बंद समर्थकों से घिर गये। काफी देर तक तू-तू-मैं-मैं होने के बाद सांसद को वहां से निकाला गया। गुमला, लोहरदगा और बोकारो में भी बंद समर्थकों द्वारा जगह-जगह अवरोध खड़े किये जाने की खबर है।

रांची में कई हिरासत में : रांची में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो समेत कई बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया। ये लोग जिला स्कूल में एकत्र हुए थे। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि हिरासत में लिये गये लोगों को कोतवाली थाना ले जाया गया। देर शाम को उन्हें हिरासत से छोड़ दिया गया।

आज होगा पटना-रांची वंदे भारत का ट्रायल रन

कुल आधा दर्जन स्टेशनों पर होगा ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत की गौरवशाली ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस की पटना-रांची सेवा जल्दी शुरू होगी। इस ट्रेन का ट्रायल रन सोमवार 12 जून को होगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जानकारी के अनुसार ट्रायल रन में यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 6:55 बजे खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची पहुंचेगी। पटना से रांची के बीच छह स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। ये स्टेशन हैं जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग और मेसरा। रेलवे द्वारा दी गयी जानकारी में कहा गया है कि सुबह 6.55 बजे पटना जंक्शन से खुलने के बाद यह ट्रेन 8.20 बजे गया पहुंचेगी। ट्रायल रन के दौरान

केवल गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही ठहराव का समय निर्धारित किया गया है। गया में इसका 10 मिनट का ठहराव होगा। यह ट्रेन दोपहर 11.30 बजे बरकाकाना और डेढ़ बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर दो बज कर 20 मिनट पर रांची से खुलेगी और रात आठ बज कर 25 मिनट पर पटना पहुंचेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रायल रन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

रामलीला मैदान की महारैली में गरजे दिल्ली के मुख्यमंत्री

केंद्र के अध्यादेश को वापस करा कर दम लेंगे : केजरीवाल

● केंद्र सरकार पर लगाये दिल्ली को अशांत करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि जनता केंद्र के अध्यादेश को वापस करा कर दम लेगी। रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने केंद्र सरकार पर दिल्ली को अशांत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि

12 साल पहले इसी मैदान पर हम भ्रष्टाचार के खिलाफ इकट्ठा हुए थे। आज उसी मैदान पर एक बार फिर एक अहंकारी सरकार को हटाने के लिए हम इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली की जनता के अधिकारों को छीनने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया। उसने कह दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानती। वह दिल्ली की जनता के वोट का सम्मान नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार दिल्ली की चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने देना चाहती है। रैली में अरविंद केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और अन्य नेता भी शामिल हुए।

केजरीवाल ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि केंद्र सरकार दिल्ली के पीछे क्यों पड़ी है। 2014 में दिल्ली के लोगों ने भाजपा को सात लोकसभा सीट देकर दिल्ली संभालने को कहा। विधानसभा में भाजपा को सिर्फ तीन सीट दी। इसका मतलब साफ है कि दिल्ली वालों ने भाजपा को दिल्ली की तरफ देखने से मना कर दिया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है। हम केवल इसलिए यहां हैं, ताकि जनता तक बात पहुंचायी जा सके। उन्होंने कहा कि जनता धूप में लाइन लगा कर अपनी पसंद का नेता चुनती है, लेकिन भाजपा नहीं चाहती कि किसी दूसरी पार्टी की सरकार बने।



सर्राफा

सोना (बिक्री)	57,100 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 जून, 2023
www.azadsipahi.in

इसलिए सियासत के बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं शरद पवार

■ एनसीपी में उत्तराधिकारी का फैसला कर साबित किया अपना कद

■ भतीजे अजित पवार को किनारे लगा कर विरोधियों को दिया संदेश

■ महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा खेल कर सकता है यह 'पवार गेम'

शरद पवार, एक ऐसा नाम, जो महाराष्ट्र के किसान आंदोलन से निकल कर राष्ट्रीय क्षितिज पर छा गया और आज वह किसी परिचय का मोहताज नहीं है। 'मराठा स्ट्रांगमैन' के नाम से चर्चित इस राजनेता ने शनिवार को अपनी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, यानी एनसीपी में उत्तराधिकारी का फैसला कर साबित कर दिया कि वह आज भी सियासी हलकों में लगभग अपराजेय हैं। यह शरद पवार ही हैं, जिनका साथ हासिल करने के लिए जितनी बेताब भाजपा और कांग्रेस है, उतनी ही शिवसेना और महाराष्ट्र से लेकर दूसरे राज्यों के क्षेत्रीय दल। शरद पवार ने अपनी पार्टी के 25वें स्थापना दिवस के मौके पर अपनी बेटी सुप्रिया सुले और पार्टी उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया। उनकी यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तराधिकार की इस लड़ाई में उन्होंने अपने भतीजे अजित पवार को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। और उनका यही फैसला उन्हें शरद पवार बनाता है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि शरद पवार के बाद एनसीपी में नंबर दो कहे जानेवाले अजित पवार का नाम शीर्ष नेतृत्व में शामिल क्यों नहीं किया गया और क्यों एनसीपी में दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की जरूरत पड़ी। लेकिन इन सवालों के जवाब यदि इतने सीधे-सपाट होते, तो फिर शरद पवार होने का मतलब नहीं रह जाता। एनसीपी के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में शरद पवार अपने किस्म की राजनीति के लिए प्रसिद्ध हैं और अक्सर अपने फैसलों से दुनिया को चौंकाते रहे हैं। एनसीपी के बारे में किये गये फैसलों के क्रम में उन्होंने भतीजे की उपेक्षा क्यों की और इसका सियासत में क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह



करीब 25 साल पहले सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर कांग्रेस से अलग रास्ता अख्तियार करनेवाले महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार एक बार फिर चर्चा में हैं। कांग्रेस से अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, यानी एनसीपी की स्थापना करनेवाले और अकेले दम पर पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलानेवाले इस 'मराठा स्ट्रांगमैन' ने अपनी पार्टी के 25वें स्थापना दिवस पर बड़ा ऐलान करते हुए दो कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिये। उन्होंने अपनी बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया है, लेकिन अपने भतीजे अजित पवार को कोई नयी जिम्मेदारी नहीं दी। ऐसा कर उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में ही सक्रिय रहने का संदेश दे दिया गया। अब शरद पवार की जैसी सियासत रही है, उससे सहज ही यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उनका कोई भी फैसला सिर्फ फैसला नहीं होता है, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति होती है।

अजित ने कैसे खोया पवार का भरोसा?

अब इस एक फैसले की भी अपनी एक कहानी है। अजित की झोली खाली रहना कोई आकस्मिक नहीं है, बल्कि 2019 के ट्रेलर ने इस बात के संकेत दे दिये थे। असल में 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, लेकिन बहुमत से दूर रह गयी। शिवसेना का उसके साथ जाना पक्का लग रहा था, लेकिन सीएम कुर्सी ने समीकरण बदल दिये और उद्धव ठाकरे एनसीपी-कांग्रेस के साथ चल दिये। उस समय एक दूसरी पटकथा यह चल रही थी कि अजित पवार ने भाजपा से संपर्क साधा। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ एनसीपी के कई विधायक हैं और इसी दम पर देवेंद्र फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली। डिप्टी सीएम का पद अजित के पास गया, लेकिन 72 घंटों में सब बदल गया। शरद पवार असली बॉस साबित हुए, कांग्रेस-शिवसेना के साथ मिल कर स्पष्ट बहुमत साबित किया और उद्धव ठाकरे की ताजपोशी हो गयी।

यह किस्सा पुराना जरूर है, लेकिन शरद पवार के मन में अजित को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करनेवाला है। शरद पवार ने कभी उम्मीद नहीं की थी कि उनके फैसले के खिलाफ जाकर अजित ऐसे भाजपा से हाथ मिला लेंगे। उनकी घर वापसी जरूर हो गयी, लेकिन अविश्वास की एक खाई पैदा हो चुकी थी। इस घटना के चार साल बाद अब फिर ऐसा माहौल बना था, जब कहा गया कि अजित फिर भाजपा से हाथ मिला सकते हैं। दावा तो यह भी हो गया था कि 25 से ज्यादा विधायकों का समर्थन अजित के साथ है। ये दावे अगर सच साबित होते, तो उद्धव ठाकरे के बाद शरद पवार के साथ महाराष्ट्र में बड़ा 'सियासी खेला' हो जाता। खैर, ये सिर्फ अटकलें ही रहीं और शरद पवार ने सही समय पर एक बड़ा सियासी फैसला लिया।

पवार का इस्तीफा और अजित की प्रतिक्रिया

शरद पवार की सियासी चाल के सामने अजित हमेशा बौने साबित हुए। इसका एक उदाहरण करीब एक महीने पहले उस समय मिला, जब शरद पवार की तरफ से एलान किया गया कि वह एनसीपी के अध्यक्ष पद को छोड़ रहे हैं। कार्यकर्ता हैरान रह गये। पार्टी के अंदर खलबली मच गयी, लेकिन तब तक शरद पवार अपने फैसले पर कायम रहे। उनके फैसले का हर तरफ विरोध हो रहा था। कार्यकर्ता तो स्वीकार करने को तैयार ही नहीं थे, लेकिन अजित पवार का अलग ही बयान सामने आया। उन्होंने कह दिया कि कि शरद पवार के फैसले का सम्मान होना चाहिए और नये नेतृत्व को मौका मिले। उनका यह बयान राजनीतिक गलियारों में अलग ही संदेश लेकर गया। माना गया कि अजित एनसीपी के अगले अध्यक्ष बन जायेंगे। लेकिन ऐसा संदेश सिर्फ अजित के खेमे की तरफ से जा रहा था, ज्यादा विश्वसनीय अटकलें ये थीं कि सुप्रिया सुले अगली अध्यक्ष बन सकती हैं। उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा पद देने की तैयारी है। शरद पवार ने अपनी अगली चाल चली और अध्यक्ष पद छोड़ने के फैसले को वापस ले लिया। इससे अजित पवार पूरी तरह मात खा गये।

शरद पवार ने भतीजे को दे दिया स्पष्ट संदेश

उस समय कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए शरद पवार ने अपना इस्तीफा तो वापस ले लिया, लेकिन माना गया कि जब मौका आयेगा, तो सुप्रिया सुले की ही ताजपोशी होगी और अजित महाराष्ट्र तक सीमित रह जायेंगे। अब उन अटकलों के बाद शनिवार को जब एनसीपी प्रमुख ने सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया, तो माना जा रहा है कि आने वाले समय में अध्यक्ष पद को लेकर भी कोई बड़ा फैसला हो सकता है। जानकार तो यह भी मानते हैं कि अब अजित को पार्टी की कमान मिलनी मुश्किल है। उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में दिलचस्पी है। ऐसे में उसी क्षेत्र तक उन्हें सीमित रखने की भी तैयारी है।

इसे अजित के लिए बड़ा सियासी झटका माना जा रहा है, तो सुप्रिया सुले का एक तरह से राष्ट्रीय राजनीति में यह बड़ा पदार्पण है। वह पदार्पण, जिसके सपने शायद शरद पवार भी लंबे समय से देख रहे थे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अजित के बगावती तेवर शरद पवार को रास नहीं आते हैं। इसी वजह से उन्होंने कुछ हद तक एनसीपी प्रमुख का भरोसा खोया है। वहीं दूसरी तरफ सुप्रिया सुले लगातार पवार के साथ मजबूती से खड़ी रही हैं, उनके फैसलों के साथ रही हैं और पार्टी हित में काम किया है।

सुप्रिया सुले को क्यों मिल रही इतनी तवज्जो

सुप्रिया सुले ने 2006 में राजनीति में कदम रखा था। 2009 में बारामती से लोकसभा सांसद बनीं और फिर लगातार तीन बार वहीं से बड़ी जीत दर्ज करती रहीं। बेखौफ होकर अपनी बात रखने वालीं सुप्रिया सुले संसद में भी काफी सक्रिय रहीं और इसी वजह से कई अहम समितियों का उन्हें सदस्य बनने का मौका मिला। इसके अलावा 2011 में भ्रूण हत्या के खिलाफ उनका राज्यव्यापी आंदोलन सुर्खियों में आ गया था। पिछले साल एनसीपी का दिल्ली में आठवां अधिवेशन हुआ था। शरद पवार, अजित पवार, जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले सब मौजूद थे। लेकिन बीच कार्यक्रम से अजित पवार उठ कर चले गये, शरद देखते रह गये। सुप्रिया सुले को मनाने भी जाना पड़ा, लेकिन सभी प्रयास फेल हो गये और कार्यकर्ताओं के सामने एक बड़ा सियासी ड्रामा हो गया। तभी से कयास लग रहे थे कि चाचा-भतीजे के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

बड़ा खेला करनेवाले पवार ने सोनिया से भी लिया पंगा

वैसे इस फैसले से इतर शरद पवार ने पहले भी कई ऐसे कदम उठाये हैं, जिन्होंने ना सिर्फ महाराष्ट्र, बल्कि देश की राजनीति पर गहरी छाप छोड़ी है। शरद पवार ने अपने करियर में इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी जैसे कद्दावर नेताओं से सीधी टक्कर ली है। उनके फैसलों ने ही कांग्रेस में दो फाड़ करवायी, सोनिया को पीएम बनने से रोका और फिर 2019 में फडणवीस-अजित के सियासी खेल की भी हवा निकाली। सोनिया की राह में जिस तरह से वह रोड़ा बने थे, उसने ना सिर्फ कांग्रेस के समीकरण बदले, बल्कि एक नयी पार्टी को भी जन्म दे दिया था।

जब कांग्रेस को दो फाड़ कर दिया था

यह बात 1999 की है, जब मात्र एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिर गयी थी। 13वें लोकसभा चुनाव होने को थे। सीताराम केसरी ने सोनिया को कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था। चर्चा तेज थी कि कांग्रेस सोनिया को पीएम के रूप में प्रोजेक्ट करेगी। लेकिन भाजपा इस मुद्दे को लपकती, उससे पहले शरद पवार, तारिक अनवर और पीए संगमा ने बगावत कर दी। विदेशी मूल का मुद्दा उठा कर सोनिया को पीएम बनने से रोक दिया गया और शरद पवार ने कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी का गठन कर दिया। यह किस्सा इसलिए, क्योंकि शरद पवार अपने एक फैसले से कई समीकरण एक साथ साधने में माहिर हैं।

इसे आसानी से समझा जा सकता है कि जो नेता एक झटके में नयी पार्टी बना सकता है, जो नेता विपरीत विचारधाराओं वाली पार्टियों को 2019 में एकजुट कर सकता है, उसके किसी भी फैसले को सिर्फ एक फैसले की नजर से देखना बेमानी रहेगा, क्योंकि उनके राजनीतिक परिणाम दूर तक जायेंगे भी और कई धुरंधरों का खेल भी बिगाड़ेंगे। और यही सब गुण मिल कर शरद पवार को 'शरद पवार' बनाते हैं।

राजस्थान की नाबालिग लड़की यूट्यूबर के प्यार में पहुंची साहिबगंज

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। राजस्थान की एक नाबालिग लड़की को वीडियो चैट के जरिये इस कदर प्यार हुआ कि वह हजारों किलोमीटर का सफर तय कर साहिबगंज के मिर्जाचौकी पहुंच गयी। इसके बाद लड़की की तलाश में उसके पीछे-पीछे राजस्थान पुलिस भी पहुंच गयी। स्थानीय पुलिस की मदद से उक्त नाबालिग लड़की को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के पिंडरा से बरामद कर लिया गया। रविवार को उसे राजस्थान पुलिस अपने साथ ले गयी। वहीं लड़के से पूछताछ के बाद पीआर बांड भरा कर उसे छोड़ दिया गया।

साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के पिंडरा का रहने वाला है अजीत लोहरा। वह यूट्यूबर है और यूट्यूब चैनल चलाता है। राजस्थान की नाबालिग लड़की उसकी वीडियो देखा करती थी। वीडियो देखते-देखते दोनों आपस में वीडियो चैट करने लगे। फिर

वीडियो चैट के जरिए हुआ प्यार, राजस्थान पुलिस ने साहिबगंज से किया बरामद

नॉर्मल कॉल पर बात होने लगी। दोनों की दोस्ती प्यार में बदली।

8 जून को साहिबगंज पहुंची लड़की

इसके बाद दोनों मिलने की बात करने लगे। लड़के ने राजस्थान पहुंचने में असमर्थता दिखायी तो नाबालिग लड़की राजस्थान के अलवर थाना क्षेत्र से घर से भाग युवक से मिलने बीते 8 जून को मिर्जाचौकी स्टेशन पहुंची। यहां अपने प्रेमी अजीत से मिली। फिर दोनों पिंडरा गांव में साथ रहने लगे। लड़की के अचानक घर से लापता देख परिजनों ने अलवर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। राजस्थान की पुलिस की तहकीकात में पता चला कि लड़की झारखंड के साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी मंडरो अंतर्गत पिंडरा गांव में है। शनिवार देर रात राजस्थान अलवर थाना की पुलिस एएसआइ हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम में शामिल महिला कांस्टेबल मंजू और कांस्टेबल मनीष कुमार लड़की के एक परिजन को साथ लेकर मिर्जाचौकी थाना पहुंचे। यहां एएसआइ सोलाय सुंडी और पुलिस के सहयोग से राजस्थान पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। वहीं लड़के को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर मिर्जा चौकी थाना ले आया। राजस्थान पुलिस रविवार को नाबालिग लड़की को अपने साथ ले राजस्थान के लिए रवाना हो गयी।

सरायकेला में ट्रेन से कटकर हाथी के बच्चे की मौत

सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा विहार रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर शनिवार रात करीब तीन बजे मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी के बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार करीब 17 जंगली हाथियों का झुंड गुंडा गांव के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। रात को जंगली हाथियों का झुंड गुंडा गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। उसी दौरान एक हाथी का बच्चा ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही हाथी के बच्चे की मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलते ही रविवार को वन कर्मी स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं ग्रामीणों ने मृत हाथी की पूजा अर्चना की।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

मॉनसून की फुहारों के लिए अभी और इंतजार

पांच दिनों तक मौसम में नहीं होगा बदलाव, 18 से 20 जून तक बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मौसम की तल्खी अभी और बर्दाश्त करना होगा। अगले पांच दिनों तक मौसम में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। गर्मी बदस्तूर जारी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक 18 से 20 जून के बीच बारिश के फुहारों की उम्मीद की जा सकती है। इसी तारीख तक झारखंड में मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद ही कुछ राहत मिल सकती है। फिलहाल राज्य के अधिकांश जगहों पर हीटवेव का असर देखा जा रहा है। पलामू व आसपास के जिलों में तो तापमान 44 के आसपास पहुंच चुका है। राजधानी रांची का तापमान भी 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने वाला है। पिछले 24 घंटे के तापमान की बात करें तो सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री गोड्डा का रहा। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के मुताबिक राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े

बदलाव की संभावना नहीं है। ऐसे में इस तपती गर्मी से बचकर रहने की सलाह दी गयी है। वहीं राज्य के 9 जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच चुका है जबकि मॉनसून 18 से 20 जून तक राज्य में प्रवेश करेगा। इसके बाद ही राहत के आसार हैं। आमतौर पर मॉनसून झारखंड में 14 से 15 जून तक प्रवेश कर जाता है लेकिन इस बार 4 से 5 दिनों की देरी से प्रवेश करने की संभावना जतायी जा रही है।

कुछ ऐसा रहेगा राज्य का तापमान और मौसम

11 जून: राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा और तेज सतही हवा बहने की संभावना, कहीं कहीं हीटवेव को ले येलो अलर्ट

12 जून: राज्य के पूर्वी व निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा की संभावना, 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से सतही हवा व कहीं कहीं हीटवेव को ले येलो अलर्ट

13 जून: राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं गर्जन के साथ वर्षा की संभावना, राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी व निकटवर्ती मध्य भागों में हीटवेव को ले येलो अलर्ट

14 जून: राज्य के पूर्वी हिस्सों में हल्की वर्षा की संभावना, कहीं कहीं गर्जन व वज्रपात के साथ साथ तेज सतही हवा को ले येलो अलर्ट।

राजधानी का तापमान और मौसम

- 11 जून: दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल एवं हीटवेव का रहेगा असर, अधिकतम 41 डिग्री जबकि न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस
- 12 जून: दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल एवं हीटवेव का रहेगा असर, अधिकतम 40 डिग्री जबकि न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस
- 13 जून: दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल एवं हीटवेव का रहेगा असर, अधिकतम 41 डिग्री जबकि न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस
- 14 जून: आंशिक बादल छाये रहेंगे, अधिकतम 40 डिग्री जबकि न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	39.6 °C	27.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.35 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.03 बजे

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 जून, 2023
www.azadsipahi.in

महा जनसंपर्क अभियान : झरिया में लोकसभा स्तरीय जनसभा का अयोजन

केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तभी भ्रष्टाचार समाप्त हो सकता है : बाबूलाल

जनसभा में भाजपाइयों ने गिनायीं केंद्र सरकार की उपलब्धियां, निशाने पर रही राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/धनसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर पूरे देश में पार्टी द्वारा 30 मई से लेकर 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को धनबाद भाजपा के द्वारा झरिया के माइंस रेस्क्यू मैदान में महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बोकारो विधायक बिरंची नारायण सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल सहित बोकारो जिला भाजपा की पदाधिकारी और धनबाद जिला के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा का संचालन नितिन भट्ट ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने दिया।

देश को विकसित राष्ट्र बनाना है: पीएन सिंह

धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में यह कार्यक्रम हो रहा है। मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी का लगाव सदैव धनबाद से रहा है। आज 42, 43 डिग्री जैसी तपती गर्मी में भी भारी संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं का जुटान होना इस कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। मोदी सरकार बनने के बाद धनबाद को कई सौगात मिली है। सड़क मार्ग को दुरुस्त करने का काम हुआ है। धनबाद रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का काम भाजपा द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश अगले 25 वर्षों में विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

देश का चौतरफा विकास हो रहा : राज सिन्हा

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग बोलते थे कि मोदी के 15 लाख कहां गये, बोल कर मजाक उड़ाते थे। हम सब भारतीय को राम मंदिर मिल गया। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को हटाना करोड़ों का मुनाफा के रूप में हम भारतीयों को मिल गया। जम्मू कश्मीर को आपस में जोड़ने का श्रेय प्रधानमंत्री को ही जाता है। देश की जनता की इच्छा है कि जन्मों जन्मांतर तक भारत को नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिले। वर्तमान सरकार जानबूझ कर कोयला चोरी, फिरौती, बिजली पानी जैसी समस्याएं उत्पन्न कर रही है। इसका हिसाब जनता इस बार चुनाव में सूद के साथ वसूलेगी।

महिलाओं को सम्मान देने का हो रहा है कार्य : अपर्णा

निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि आज भारत का हर एक नागरिक अगर खुद को सुरक्षित समझता है तो उसका सबसे बड़ा कारण नरेंद्र मोदी की सरकार है। कोरोना काल में जिस प्रकार नरेंद्र मोदी की सरकार ने काम किया उसका डंका पूरी दुनिया मे बज रहा है। मोदी सरकार में महिलाओं को सम्मान देने का कार्य हो रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2014 से पूर्व देश में भ्रष्टाचार, अपराध की चर्चा हुआ करती थी, घोटालों के कारण देश बदनाम हो चुका थ। लोगों को लगता था कि देश में कभी सुशासन आ पायेगा या नहीं आ पायेगा। लेकिन आज दुनिया में सिर्फ देश के विकास की चर्चा होती है। नौ वर्षों में जिस तरह से देश में विकास हुआ है, देश ने तरक्की की, वह अद्भुत है। वर्तमान के झारखंड में चारों ओर कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची हुई है। कई लुटेरे अंदर चले गये और कई जानेवाले हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हेमंत जी भी ज्यादा दिन के मेहमान नहीं हैं, इन्हें भी जाना होगा। अभी सब लोग धनबाद में अपराध की बात कर रहे थे। यहां तो सरकार ही अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

विदेशी ताकतों को नरेंद्र मोदी सरकार ने नाकाम किया है : बिरंची नारायण

बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि आज देश को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी ताकतों को नरेंद्र मोदी सरकार ने नाकाम किया है। 2014 के पहले कुशासन, भ्रष्टाचार चरम पर था। 2014 के पहले दस बीस बाहर के लोग सीमा के अंदर प्रवेश कर हमारे सैनिक का सिर लेकर चले जाते थे। अब ऐसी हिमाकत करनेवालों के खिलाफ हमारे सैनिक उनके घर में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी करवाई कर देते हैं। यह आज का भारत है।

राज्यपाल सभी कुलपतियों के साथ आज करेंगे बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के साथ 12 जून को राज्य के सभी विवि के कुलपतियों की बैठक होगी। बैठक राजभवन में दिन के साढ़े 10 बजे से होग। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व के निर्णयों पर अब तक हुई कार्रवाई के अलावा नयी शिक्षा नीति के तहत पठन-पाठन तथा विवि द्वारा अब तक की गयी कार्रवाई, अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई, शिक्षकों की नियुक्ति, विवि सेवा आयोग के गठन, झारखंड पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की प्रोन्नति, सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

हाइकोर्ट के नये भवन में आज से होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के धुर्वा स्थित इको फ्रेंडली न्यू बिल्डिंग में सोमवार सुबह 10:30 बजे से विभिन्न अदालतों में मामलों की सुनवाई शुरू होगी। इससे पहले सुबह नौ बजे कैंपस में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये जायेंगे।

दोपहर 1:30 बजे कोर्ट नंबर-एक के समीप सेंट्रल लॉबी में वरीय अधिवक्ताओं के सम्मान में समारोह आयोजित होगा। हाइकोर्ट प्रशासन ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। पुराने भवन से शिफ्टिंग का कार्य भी लगभग पूरा होनेवाला है। नये हाइकोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

वृष प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मिथुन व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।

कर्क अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

सिंह धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

कन्या संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

तुला कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

वृश्चिक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

मकर कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कुंभ जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होगी।

मीन कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

जेपी कॉलेज भंडारो में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन

संगठन को मजबूत बनाना है : सुदिव्य कुमार सोनू

भीषण गर्मी में गिरिडीह, हजारीबाग एवं कोडरमा जिला से पहुंचे थे झामुमो कार्यकर्ता

विभिन्न दलों से कई कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड के जेपी कॉलेज भंडारो के प्रांगण में कोडरमा लोकसभा स्तर के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में हजारों की संख्या में गिरिडीह, हजारीबाग एवं कोडरमा जिला से झामुमो कार्यकर्ता भंडारो पहुंचे थे। इस दौरान विभिन्न दलों के कई कार्यकर्ताओं ने झामुमो पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में संगठन और अधिक मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सदर के विधायक सुदीव्य कुमार सोनू शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि लोकसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यों की संख्या कम होने के कारण राज्य सरकार के निर्णय को केंद्र सरकार तरजीह नहीं दे रही है। राज्य हित में झारखंड सरकार ने 1932 के खतियान, सरना धर्म कोड, पिछड़ों के लिए 27% आरक्षण जैसे मुद्दों पर अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र में बड़े पद के बाद भी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। प्रोफेसर जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं और सांसद तथा विधायक बनाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। कार्यक्रम को सोनी चौरसिया, खलील अंसारी, मोहम्मद यासीन, खान मोहम्मद, सद्दाम इस्लाम अंसारी, सलीम अंसारी, अनवर अंसारी, बरकत अली, चीना खान, शोभा यादव, शंभू नाथ यादव, जेपी के कॉलेज के प्राचार्य विवेकानंद, सुरेंद्र वर्मा, निरंजन सिंह, दशरथ तिवारी आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिडीह के झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने तथा संचालन महा लाल सोरेन ने किया।

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी 2023 के फाइनल में भारत ने कोरिया को 2-1 से हराया, पहली बार टीम बनी चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा के तीन खिलाड़ियों दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी से सजी भारतीय टीम ने महिला जूनियर एशिया कप हॉकी 2023 में एतिहासिक जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में कोरिया को 2-1गोल से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच के दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जापान में ही उपस्थित थे।

जूनियर महिला एशिया कप में पहली बार विजेता बनने पर टीम के सभी सदस्यों को हॉकी इंडिया ने दो-दो लाख देने की घोषणा की। 2 से 11 जून तक जापान के काकामिगहारा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में 18 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड के सिमडेगा जिले की दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी भी शामिल थीं। दीपिका सोरेंग को चाइनीज ताइपे के खिलाफ खेले गये मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला था। सिमडेगा के तीनों खिलाड़ियों सहित पूरी भारतीय टीम को हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा और पूर्व विधायक बिमला प्रधान आदि ने बधाई दी है।

दीपिका सोरेंग : सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुड़ी सेंबर टोली की है। बहुत ही विपरीत परिस्थितियों से गुजरते हुए आज इस मुकाम तक पहुंची है। बचपन में ही उसके पिताजी का देहांत हो गया था। मां ने दूसरे राज्य में दिहाड़ी मजदूरी कर दीपिका का लालन पालन किया। दीपिका सोरेंग इससे पूर्व में भी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। मात्र 09वर्ष की उम्र ही दीपिका हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में करगागुड़ी टीम से खेलती थी। 2016 में वह पहली बार राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व की। वर्तमान समय में रांची रेलवे में कार्यरत है।

महिमा टेटे : फेंडर की पोजिशन से खेलने वाली महिमा टेटे सिमडेगा के सदर प्रखंड अंतर्गत बरकिछापर गांव की रहने वाली है। महिमा टेटे सिमडेगा जिला की प्रथम महिला ओलंपियन सह एशिया महाद्वीप की एथलीट एंबेसडर सलीमा टेटे की छोटी बहन है। इसके परिवार की भी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी। पिताजी खेती बारी कर तथा माता मीड डे मील का खाना बना कर अपने बच्चों का लालन पालन किया।

रोपनी कुमारी : डिफेंडर पोजीशन से खेलने वाली रोपनी कुमारी सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत तुकुपाणी पंचायत के जामबहार गांव की रहने वाली है। रोपनी का जीवन भी काफी संघर्ष भरा रहा है। बचपन में ही इसके पिताजी गुजर गए। मां खेती के दिनों में दूसरे के खेतों के मजदूरी कर और बड़ा भाई अन्य प्रदेशों में मजदूरी कर रोपनी सहित परिवार के अन्य सदस्यो का लालन पालन करता रहा। आज भी उसे काफी आर्थिक अभावों से गुजरना पड़ता है। ओलंपियन सलीमा टेटे की तरह गांव और स्कूल टीम से खस्सी प्रतियोगिताओं से हॉकी की शुरूआत की है। इस प्रतियोगिता से रोपनी पहली बार जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व की है वह पहली बार 2017 राष्ट्रीय सबजूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व की थी। रोपनी फुटबॉल की भी अच्छी खिलाड़ी रही है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

अपील

बाल श्रम एक सामाजिक कुप्रथा है, जो देश के भविष्य बच्चों के समेकित रूप से होने वाले विकास पर कुप्रभाव डालता है।

बाल एवं अल्पव्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नियोजन करना संज्ञेय (cognizable) अपराध है। नियोजित करने वाले ऐसे नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाती है।

अत: सभी राज्यवासियों से अपील है कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें। बाल श्रमिकों का नियोजन न करें और नियोजन करने वाले को भी रोकें

बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु जिला के उपायुक्त/श्रम कार्यालय अथवा
टॉल फ्री नंबर-18003456526 पर सूचित करें।

"बच्चों को पढ़ने दें
उन्हें आगे बढ़ने दें"



P.R. 299770 (Labour Employment and Traning) 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 जून, 2023
www.azadsipahi.in
04

पीएलएफआइ का एरिया कमांडर आलोक यादव गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पुलिस ने 21 कांडों में वांछित पीएलएफआइ का एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एरिया कमांडर का नाम आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर कुमार यादव है। एरिया कमांडर आलोक यादव ने लेवी वसूलने के लिए 50000 की मांग किया था। लेवी नहीं देने पर जान से मारने और ईंट भट्टा को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इस मामले की जानकारी संजय गुप्ता ने चान्हो थाने की पुलिस को दी थी। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया और पीएलएफआइ के एरिया कमांडर को रातू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पीएलएफआइ संगठन का छह पीस पर्चा और एक बाइक बरामद किया।

वाहन चोर गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार

आठ बाइक समेत 10 वाहन बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने आठ वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों का नाम सुमित मिर्धा उर्फ बाबू, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद वारिस, अनिल शर्मा, सनी महली, वीर सिंह महतो, सुनील कुमार महतो और विनय कुमार महतो है। गिरफ्तार सभी चोर रांची जिले के रहने वाले हैं। 8 जून को कोतवाली थाना को जानकारी मिली थी कि कचहरी परिसर से एक स्कूटी चोरी हो गयी है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने स्कूटी की बरामदगी के लिए छापेमारी की। इस घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज निकाला गया, जिसमें एक व्यक्ति की पहचान की गयी। पहचान करने के बाद व्यक्ति को गुमला जिले के सिसई इलाके से सुमित मिर्धा उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर स्कूटी को बरामद किया गया। सुमित मिर्धा की गिरफ्तारी के बाद इसके इशारे पर और भी कई लोगों की गिरफ्तारी की गयी और भी बाइक बरामद की गयी। रांची पुलिस ने कुल 10 वाहन बरामद किया है। जिसमें 8 बाइक, एक स्कूटर और एक टेंपो शामिल है।

राजद ने मनाया पार्टी सुप्रीमो लालू यादव का 76वां जन्मदिन

आजाद सिपाही संवादाता

रांची। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिन मनाया गया। झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में केक काटा गया। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों के बीच केक काटा गया और सामाजिक न्याय और सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। साथ ही सैकड़ों गरीबों को भोजन कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह उपस्थित रहे। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि लालू यादव करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उन्होंने हमेशा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों का उत्थान करने का काम किया। इसलिए उनको गरीबों के मसीहा के रूप में जाना जाता है। रंजन कुमार ने कहा कि उन्होंने हमेशा सांप्रदायिक शक्तियों से संघर्ष कर प्रदेश-देश में अमन-चैन, भाईचारा स्थापित करने का काम किया। उन्हीं के निर्देशों का पालन करते हुए बिहार, झारखंड समेत पूरे देश भर में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में रूप से युवा राजद के प्रधान महासचिव फिरोज अंसारी, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव डॉ मनोज, इरफान अंसारी, महासचिव सह प्रवक्ता मंतोष यादव, उपाध्यक्ष जफीर खान, सुनील यादव, डॉ अविनाश, राजकिशोर सिंह यादव,अजय यादव, गायत्री देवी, राजकुमार यादव, अरशद अंसारी, मनोज पांडेय, संतोष राम, फरहान खान,बबन यादव, ममता कुजूर, उर्मिला सोरेंग, सरोज यादव, अनिल शर्मा, रामकुमार यादव, सुधीर गोप, मनोज अग्रवाल, शालिग्राम पांडे, नेसार अहमद मंतोष यादव महासचिव मौजूद रहे।

33 अज्ञात शवों का मुक्ति संस्था ने किया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 33 अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार पूरे रीति रिवाज से किया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि संस्था ने अब तक 1567 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने की।

दाह संस्कार के लिए संस्था के सदस्य सुबह से ही शवों को पैक करने में लग गये फिर सभी शवों को जुमार नदी तट ले जाकर सामूहिक चिता सजायी गयी। अंत में पूरे विधि-विधान से सामूहिक रूप से शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर रवि अग्रवाल, आदित्य राजगढ़िया, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, दिनेश, संदीप पपनेजा, आशीष भाटिया, आशुतोष अग्रवाल, सौरभ बथवाल, बलवीर जैन, मोती सिंह, नरेश प्रसाद, नवीन बजाज, विकाश सिंघानिया, नीरज खेतान, सुमित अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, सीताराम कौशिक, राहुल जायसवाल, संजय अग्रवाल, राजा गोयनका और हरीश नागपाल मौजूद रहे।

ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत, विरोध में सड़क जाम

पुलिस के काफी समझाने के बाद लगभग चार घंटे बाद जाम खुला

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। रांची जिले के तुपुदाना खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत दशमाइल चौक के समीप ट्रेलर ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक ट्रेलर के नीचे फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने रांची खूंटी मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। यह घटना अहले सुबह की बतायी जा रही है। फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि मृतक की पहचान जमील अंसारी के रूप में हुई है, वह सिलादोन का रहने वाला था और ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। शव फंसा होने की वजह से मौका मिलते ही ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने रांची खूंटी मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। इसकी सूचना मिलते ही खरसीदाग ओपी प्रभारी सुकदेव कुमार साहा, तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानशंकर जयसवाल मौके पर पहुंचे और जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं मानें। ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हुए थे। पुलिस ने क्रेन की सहायता से शव को ट्रेलर के नीचे से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के काफी समझाने के बाद लगभग चार घंटे बाद जाम खुला। जिसके बाद आवागमन सामान्य कराया गया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

बच्चों ने वैंपायर और चुड़ैलों के साथ रैंप वॉक किया

एक्वा वर्ल्ड में हॉरर नाइट कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर के द्वारा आयोजित किये जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में आज 'हॉरर नाइट' का आयोजन किया गया। मॉडलों ने वैंपायर, प्रेत, चुड़ैल, भूत के वेश में बच्चों के साथ रैंप पर कैटवॉक किया। पूरे परिसर को हॉरर के थीम पर सजाया गया था। एक हॉरर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। बच्चों की भीड़ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए जुटी रही। हॉरर फिल्मों से जुड़े गीतों पर आधारित क्विज टाइम भी हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने भूतों के साथ जमकर डांस कर धमाल मचाया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा, निदेशक गण सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष, धीरज, हसन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयंत, प्रीतम, प्रियंका, दिव्या, सत्यम का योगदान रहा।

रांची झील बचाओ सत्याग्रह के समर्थन में उतरे विधायक सीपी सिंह

रांची। रांची झील (विवेकानंद सरोवर) को प्रदूषण मुक्त करने के लिए स्थानीय लोग पिछले 45 दिनों से अलग-अलग तरीके से लगातार सत्याग्रह कर रहे हैं। विवेकानंद सरोवर को बचाने के लिए रविवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें जिसमें पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सीपी सिंह भी शामिल हुए।

रांची झील बचाओ अभियान के बैनर तले सत्याग्रह करने वाले लोगों की एक ही मांग है कि राजधानी के अलग-अलग इलाकों से नालियों के माध्यम से सरोवर में गिरने वाले कचड़े को रोका जाये। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पहले नाले के पानी की सफाई हो, उसके बाद उस पानी को तालाब में गिराया जाये।

सीपी सिंह ने कहा कि जब वह शहरी विकास मंत्री थे, तब तालाब के सौंदर्यीकरण की पहल की गयी थी। उस समय तालाब में गंदा पानी नहीं गिरे, इसके लिए एसटीपी यानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की बात थी लेकिन काफी धीमी गति से एसटीपी का निर्माण कार्य चल रहा है। सीपी सिंह ने कहा कि जल्द ही वह जिला प्रशासन और नगर विकास के अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि न सिर्फ विवेकानंद सरोवर, बल्कि सभी जलाशयों का अस्तित्व बचाना बेहद जरूरी है।

झील बचाने के लिए चलाये गये हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और झील बचाने के अभियान का समर्थन किया। रांची झील बचाओ अभियान के संयोजक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि आज उनके सत्याग्रह का 45 वां दिन है। बावजूद इसके जो तत्परता रांची नगर निगम, जिला प्रशासन और सरकार को दिखाना चाहिए था वह नहीं दिखा है। विधायक ने आश्वास दिया कि इस मुद्दे पर वह वरीय अधिकारियों से बात करेंगे।

आयुष विभाग का सात दिवसीय योग काउंटडाउन कार्यक्रम 15 जून से

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस साल झारखंड सरकार के आयुष विभाग ने विशेष तौर पर इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया है। रांची में सात दिन का कार्यक्रम तय किया गया है, जिसे सात दिवसीय योग का काउंटडाउन नाम दिया गया है। 15 जून से शुरू होने वाला यह काउंटडाउन 21 जून को समाप्त होगा। रांची स्थित राज्य योग केंद्र में योगाभ्यास के विशेष सत्र के दौरान आयुष विभाग के निदेशक डॉक्टर फजलुर शमी ने रविवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय योग का काउंटडाउन 15 जून से ईस्ट जेल रोड स्थित राज्य योग केंद्र में शुरू होगा। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के सभी वेलनेस सेंटर में एनजीओ के माध्यम से योग प्रशिक्षक की सेवा ली जा रही है। हर गांव-आंगन तक योग को पहुंचाने में विभाग जुटा है। इस अवसर पर रांची जिला आयुष पदाधिकारी डॉ सच्चिदानंद सिंह और राज्य योग केंद्र के प्रभारी डॉ मुकुल कुमार दीक्षित और अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। विशेष सत्र में राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षक डॉ अर्चना कुमारी ने योगाभ्यास कराया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी।

काउंटडाउन का कार्यक्रम इस प्रकार है

15 जून -सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम तक 4 बजे से 6 बजे तक भाषण प्रतियोगिता। 16 जून - सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम 4 बजे से 6 बजे तक योगासन प्रतियोगिता (सीनियर)। 17 जून - सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम 4 बजे से 6 बजे तक योगासन प्रतियोगिता (जूनियर)। 18 जून - सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रन फॉर योगा, अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल, शाम 4 बजे से 6 बजे तक चित्रांकन प्रतियोगिता। 19 जून-सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम 4 बजे से 6 बजे तक बच्चों का योगाभ्यास। 20 जून-सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम 4 बजे से 6 बजे तक रिदमिक, आर्टिस्टिक, एडवांस योग और पुरस्कार वितरण समारोह। 21 जून-सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास, शाम 6 बजे बजे तक समापन समारोह।

महुआ मांझी ने समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति की ओर से हिंदपीढ़ी के नेजाम नगर स्थित सदर लेन में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं।

उन्होंने तमाम जनसमस्याओं पर बिन्दुवार निराकरण का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि जल है तो जीवन है, 10 दिनों के अंदर ही इस इलाके में 4 डीप बोरिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिजली, सड़क, नाली और विद्यालय जैसी समस्याओं का भी निराकरण का प्रयास होगा। मौके पर जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, बीरु साहू, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, आफताब आलम, सौम्बित माजी, फरीद आलम, परवेज आलम गुड्डू, मंटू लाला, विलियम रिचड लकड़ा, गोपाल पांडेय, संजय राय, सुमित चौधरी, कयुम अंसारी, अमजद आदि शामिल थे स्थानीय निवासी मुस्लिम अंसारी और नजीम अंसारी के नेतृत्व में नेजाम नगर के सदर हाजी आफताब, सेक्रेट्री इस्माइल के साथ 300 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सभी को साधारण सदस्य का फार्म भरवा कर चुके माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग ने राजधानी के होटलों में संचालित बार का किया औचक निरीक्षण

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक दल ने शनिवार को राजधानी रांची के बार का औचक निरीक्षण किया। आयोग के सदस्य को यह सूचना मिली थी कि लालपुर में कुछ ऐसे बार हैं जहां बच्चों को नशीला पदार्थ परोसा जा रहा है। सूचना के बाद औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर लालपुर थाना के पदाधिकारी भी मौजूद थे। तिवारी ने कहा कि पूर्व में उत्पाद कमिश्नर साहब को ज्ञापन के द्वारा जानकारी दी गयी थी, कि कम उम्र के बच्चों को शराब पिलाना अवैध है, पत्र के माध्यम से यह भी जानकारी दी गयी थी, कि 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नशीला पदार्थ परोसना गलत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लालपुर समेत अन्य इलाकों में बार का औचक निरीक्षण किया जायेगा। इस अभियान में सीडब्ल्यूसी के चैयरमैन अजय कुमार भी शामिल थे।

मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रविवार को नागर मल मोदी सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 28 रक्तवीरों ने अपना रक्तदान किया। अध्यक्ष अमित चौधरी ने सभी रक्त वीरों को बहुत-बहुत बधाई और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। रक्तदान कार्यक्रम के संयोजक राघव जालान, गौरव विजय थे। रक्तदान संयोजको ने कहा रक्त देकर देखो अच्छा लगता है। आपके द्वारा दिया गया रक्त तीन जिंदगियां बचाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मंच के वरिष्ठ सदस्य रमन बोड़ा ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान कर किया। शिविर में चार रक्त वीरों ने प्रथम बार रक्त दिया, वहीं रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए शाखा पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सुभाष पटवारी, मुकेश जालान, अशोक लाठ, राहुल अग्रवाल मनीष लोधा राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका नेहा पटवारी, प्रांतीय संयोजक पिंकेश खंडेलवाल, वरिष्ठ सदस्य रमन बोड़ा, गौरव महेश्वरी, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सह सचिव सन्नी टिबडेवाल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ और मंच परिवार के कई सदस्यों ने अपनी सहभागिता दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जानकारी प्रवक्ता रमन बगड़िया ने दी।

266 वाहन मालिकों पर डीटीओ ऑफिस करेगा कार्रवाई, जमा नहीं करते टैक्स

रांची (आजाद सिपाही)। कम रोड टैक्स का भुगतान करने वाले 266 वाहन मालिकों को परिवहन विभाग ने चिह्नित किया है। इसे लेकर रांची डीटीओ ने कहा, रांची डीटीओ ऑफिस से जानकारी मिली है कि निबंधित वाहन मालिकों ने रोड टैक्स की कम राशि जमा की है। इसके अलावा कई वाहन मालिकों की ओर से अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया है। वैसे वाहन मालिकों की संख्या 266 है। ऐसे वाहन मालिकों को हिदायत दी जाती है कि बकाया राशि का भुगतान सात दिनों के अंदर करें, नहीं तो मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। रांची डीटीओ ने कहा कि कुछ लोग दो तो कुछ तीन साल से रोड टैक्स दबाकर बैठे हैं। बार-बार भुगतान के लिए कहने के बावजूद वाहन मालिक इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। वहीं टैक्स की राशि जमा नहीं होने से डिपार्टमेंट को भारी रेवेन्यू लॉस हो रहा है। इस वजह से अब विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। जिन डिफॉल्टर्स को नोटिस भेजा जा रहा है, उनमें कई ऐसे भी हैं जिनके पास पांच या उससे अधिक वाहन हैं। लेकिन उन्होंने किसी भी वाहन का रोड टैक्स जमा नहीं किया है। जबकि कई वाहनों के तो साल 2019 से ही रोड टैक्स बकाया हैं। 2019 अलावा साल 2020 व 2021 से अब तक टैक्स जमा नहीं करने वाले भी शामिल हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 जून, 2023
www.azadsipahi.in
05

नियोजन नीति के खिलाफ आहूत बंद का दूसरे दिन भी दिखा असर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एक और चिलचिलाती गर्मी और दूसरी ओर सड़क जाम से यात्री त्राहिमाम कर रहे थे। काफी घंटों के बाद भी जब यात्रियों से भरी बस टस से मस नहीं हुई तो कई यात्री पैदल ही अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते दिखे। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे कई बसों में सवार यात्री भी परेशान दिखे, लेकिन उनकी मजबूरियां झलक रही थी यह नजारा कुछ और नहीं झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के तत्वधान में आयोजित दो दिवसीय 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ चक्का जाम के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद समर्थकों ने एनएच-33 और 23 इस तरह अवरुद्ध कर दिया कि किसी की भी एक न सुनी। हालांकि आवश्यक सेवाओं के लिए बंद समर्थकों में वाहन

निकालने के लिए तत्परता दिखी।

लोग एक दो दिन होंगे परेशान, पर हम छात्रों का भविष्य क्या होगा: पनेश्वर महतो

बंद समर्थकों में शामिल छात्र पनेश्वर महतो ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 10 और 11 जून को झारखंड बंद होने का आह्वान किया गया था। उन्होंने कहा कि 60-40 नियोजन नीति के विरोध में गाड़ी से लेकर दुकानदारी बंद कराने का निर्णय लिया गया था। लोग एक-दो दिन परेशान होंगे तो कोई दिक्कत नहीं होगा, लेकिन हम छात्रों का जीवन परेशान हैं, हमारा भविष्य क्या होगा। सरकार की नीति की वजह से लोग यहां युवा नेता बन रहे हैं, कोई छात्र नेता बन रहा है, सिर्फ और सिर्फ बेरोजगारी के कारण। अगर सरकार 60-40 नियोजन नीति में संशोधन कर 90-10 नहीं करती है तो आगे की स्थिति और भी भयावह दृष्टि देखने को मिलेगा।

सुबह 6 बजे से ही एनएच 33 और 23 को बंद समर्थकों ने कर दिया जाम

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के आह्वान पर दो दिवसीय चक्का जाम को लेकर रविवार की सुबह से ही छात्र और ग्रामीण सड़क पर उतर गए और टायर जलाकर रांची-पटना अंतर्गत मुख्य मार्ग एनएच 33 और रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 को पूरी तरह बाधित कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

12 घटों तक एनएच 33 और 23 रहा जाम

60-40 नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के आह्वान पर दो दिवसीय बंदी के कारण एनएच 33 और 23 करीब 12 घंटों तक जाम रहा है। बंद के कारण राज्य सरकार को काफी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ सकता है। परंतु अब देखना यह होगा कि राज्य सरकार इस नियोजन नीति के खिलाफ क्या फैसला करती है।

पुलिस को करना पड़ा बल का प्रयोग, बंद समर्थकों को खदेड़ा

कोठार ओवर ब्रिज के पास बंद समर्थकों ने एनएच-33 और 23 को पूरी तरह से बाधित कर रखा था। करीब 6 घंटे के बाद पुलिस को बंद समर्थकों को खदेड़ कर भगाना पड़ा, जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो सकी। हालांकि, बंद समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

बालू माफिया नहीं आ रहे बाज कार्रवाई जरूरी : राहुल चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददता

टंडवा। प्रखंड के गाड़ी लौंग सतबहिनी नदी से हो रहे अवैध बालू खनन बदस्तूर जारी है। इसको को देखते हुये राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो डिवीजन चेयरमैन राहुल चौरसिया ने बालू माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से किया है। साथ ही कहा है कि सतबहिनी नदी के चारों तरफ सैकड़ों किसानों का रैयती जमीन है, उसी जमीन के सहारे सैकड़ों ग्रामीण खेती कर अपना जीविको पार्जन करते रहे हैं। वहीं खेत के बगल में वर्षों से जमे पड़े बालू का अवैध उठाव करके कुछ लोग सैकड़ों किसानों की रोजी रोटी पर प्रश्न खड़ा करने पर तुले है। पूरा सतबहिनी नदी का बालू अवैध तरीके से उठाव कर-के अब खेतों के मेढ़ो में वर्षों से जमे पड़े बालू का उठाव रात्रि के अंधेरे में किया जा रहा है। इससे दस फीट से ज्यादा गहरा बालू उठाव से सैकड़ों किसानों का रैयती जमीन इस बरसात के बाढ़ में खेत नदी में तब्दील हो जायेगा। जिससे किसान खेती से प्राप्त आनाज के लिए सड़क पर आ सकते है। बड़ी प्रश्न यह है कि बालू उठाव पर रोक है, फिर यह पूरा नदी का बालू उठाव किसके संरक्षण में बालू माफिया रात के अंधेरे में प्रतिदिन किये जा रहे हैं। वही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक किसी भी नदी से बालू उठाव पर रोक लगा दी है। फिर भी बालू माफियाओ ने बाज नहीं आ रहे है। राहुल ने ग्रामीणों के साथ रात में बालू नही उठाने बालू माफियाओं से आग्रह कर चुके है। यदि प्रखंड प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन नही रोकी जाती है। उस स्थिति में सैकड़ों खेतिहर किसान रात्रि में सतबहिनी नदी से अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए गश्त पर रहेंगे एवं पकड़े जाने वाले बालू माफियाओं को प्रशासन को सौंप कर कार्रवाई करवाने का काम करने की बात कहि गयी है। वही टंडवा सीओ ने उक्त संबंध में कड़ाई से बालू रोक लगाने पर सहमति जताया है।

एकल अभियान से जुड़ने के आह्वान के साथ भारत के रंग-एकल के संग सांस्कृतिक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को गुरुनानक स्कूल के सभागार में एकल सूरताल टीम द्वारा भारत के रंग-एकल के संग परिकल्पना पर देशभक्ति एवं देवभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकल सूरताल टीम की प्रमुख व्यास कथाकार करूणा ठाकुर (जम्मू) ने अपनी टीम के साथ गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्री गणेश किया। वंदे मातरम गीत पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से एकल सूरताल टीम के कलाकारों का जोरदार अभिवादन किया। वहीं देशभक्ति गीतों की माला के तहत भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषता, एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, देशभक्ति एवं देवभक्ति की अनुपम झलक प्रस्तुत की गई। मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती। जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा। इस कार्यक्रम में लोकनृत्य की श्रृंखला में राजस्थान, गुजरात, असम, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत, पंजाब प्रांतो पर आधारित लोक नृत्य ने सबका मन लुभाया।

कार्यक्रम की शोभा श्री कृष्ण नाटिका जो 45 मिनट तक मंचन किया गया। वह बेहद ही रोमांचित करने वाला प्रस्तुति था। इसमें श्रीकृष्ण जन्म, पुतना वध, रासलीला, कंस वध, विदुर प्रसंग, श्रीकृष्ण सुदामा मिलन आदि शामिल थे। एकल सुर ताल के लगातार प्रस्तुति में दर्शक श्रोताओं को दो घंटे का समय कैसे बीत गया, वह पता ही नहीं चला। एकल अभियान के एकल सूरताल टीम के 12 कलाकारों, जिसमें 6 बहनें एवं 6 भईया शामिल हैं। ये सभी एकल अभियान के सेवाव्रती पूर्णकालिक कार्यकर्ता है, जिनके द्वारा यह कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी। इन 12

कलाकारों में जम्मू से एक, मध्य प्रदेश 2, पंजाब से 2, हिमांचल से 2, ओड़िशा से 1, उत्तर प्रदेश 1 एवं झारखंड से 3 कलाकार शामिल है। ये सभी एकल सूरताल के कलाकार दिल्ली में 6 माह तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर मार्च 2023 माह से भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों में मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहें है। गत तीन माह में बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं पूर्वोत्तर राज्य (असम) में 15 स्थानों पर भारत के रंग-एकल के संग कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त 15 स्थानो पर सून्दरकांड पाठ एवं परिवार संपर्क के कार्यक्रम इस टोली द्वारा संपन्न हो चुके है। भारत माता की भव्य आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पूर्व इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद, मुख्य वक्ता एकल अभियान के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक श्याम गुप्त एवं अतिथिवृंद ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री श्याम गुप्त ने देश की वर्तमान संदर्भ का उल्लेख करते हुए एकल अभियान से जुड़ कर एक नवीन भारत के अभ्युदय के लिए प्रत्येक दर्शकों से आह्वान किया।

मुख्य अतिथि सीसीएल के चैयरमैन पीएम प्रसाद ने एकल अभियान वनबंधु परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गांव से लेकर शहर तक के समुन्नत विकास के लिए एकल अभियान का कार्य महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एकल पर आधारित वीडियो फिल्म-एकल कश्मीर एवं लद्दाग तथा श्रीहर सत्संग समिति के कार्यों पर आधारित चल चित्र दिखाये गये। स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय वनवंधु परिषद रांची चैप्टर के अध्यक्ष रमेश धरनीधरका एवं मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप जैन ने किया। इस कार्यक्रम में रांची शहर के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा एकल अभियान के श्रीमती रेखा जैन, उषा जालान, डॉ ललन कुमार शर्मा राज जैन, सुमित खेमका, जयदीप मोदी, मुकेश अग्रवाल, अमरेंद्र विष्णुपुरी, प्रशांत कुमार सिंह, अमन कुमार, विशेष केड़िया, बबीता जालान, दीपक अग्रवाल, मनोज तुलस्यान, अंचल किंगर, उत्सव पराशर, सुमित पोद्दार, सुमित केड़िया, अनुपमा राजगड़िया आदि उपस्थित थे।

रिम्स के प्रभारी निदेशक बनने पर डॉ राजीव गुप्ता को विश्व ब्राह्मण संघ और विप्र फाउंडेशन ने दी बधाई

रामगढ (आजाद सिपाही)। विश्व ब्राह्मण संघ और विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान रामगढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव गुप्ता को उनके निजी आवास पर बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर विश्व ब्राह्मण संघ के महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा व विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक ने कहा कि डॉ राजीव गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक बनना जिलावासियो में खुशी है। डॉ राजीव गुप्ता एक कुशल व्यवहार और मृदुभाषी व्यक्ति है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राभगत शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा, अशोक कुमार पांडेय, बबलू दुबे, संजय शर्मा, मुना मिश्रा, रामानन्द मिश्र, विवेक शर्मा आदि उपस्थित थे।

तालाब तथा पुलिया निर्माण कार्य मॉनसून से पहले पूरा करें : उपायुक्त

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अबु इमरान ने इटखोरी प्रखं डमें जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षक के दौरान उपायुक्त ने इटखोरी प्रखंड के करनी पंचायत के खरोंद, चोरकारी गांव मलकपुर पंचायत के डुंडी गांव में संचालित तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही मयुरहंड-इटखोरी पथ में इसी संस्था द्वारा बनाये जा रहे पुलिया का भी निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय सागर के प्रकाशक डॉ वेद प्रकाश को मातृशोक

रांची (आजाद सिपाही)। रांची, पटना एवं नयी दिल्ली से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय सागर के प्रकाशक एवं समूह संपादक तथा बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर निवासी डॉ वेद प्रकाश की माता एवं समाजसेवी स्व. कन्हैया प्रसाद की पत्नी शकुंतला देवी का रविवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अवस्था 84 वर्ष की थी। उनके पार्थिव शरीर की अंत्येष्टी सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे बक्सर स्थित प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर संपन्न की जायेगी। इससे पूर्व शवयात्रा उनके जगदीशपुर स्थित निवास स्थान से प्रारंभ होगी। वह अपने पीछे नाती-पोतों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं है। उनके चार पुत्र एवं एक पुत्री हैं। उनके बड़े पुत्र डॉ वेद प्रकाश हैं। दूसरे पुत्र भी पत्रकारिता से जुड़े हैं। तीसरे व्यवसाय करते हैं एवं चौथे पुत्र गैर सरकारी संस्था संचालित करते हैं। उनके दामाद झारखंड में डॉक्टर हैं तथा वह अपना क्लिनिक भी संचालित करते है। उनके आकस्मिक स्वर्गवास की सूचना मिलने पर पत्रकारिता जगत के अलावा विभिन्न समाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दैनिक राष्ट्रीय सागर के रांची, पटना एवं नयी दिल्ली स्थित कार्यालयों में भी शोक सभा आयोजित कर शोक व्यक्त किया गया एवं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। ज्ञात हो कि डॉ वेद प्रकाश के पिता कन्हैया प्रसाद का निधन वर्ष 2021 में हो गया था।

91वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सदस्यों के सौजन्य से रविवार को 91वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 1300 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पुनदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर(मंगल राधिका सदानंद सेवा आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में सह संयोजक पवन पोद्दार संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ, बबीता गुप्ता मनीष सोनी द्वारा श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच कचौड़ी, पूड़ी, खीर,आलू टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं दही की छाछ का वितरण किया। सेवा कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी,शिव भगवान अग्रवाल, पवन पौदार(ताउ),विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चन्द्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता,परमेश्वर साहु,महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल,बबीता गुप्ता, उर्मिला पाडिया,अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

गर्मी को लेकर पासवा ने निजी स्कूलों से किया आग्रह, 19 जून से खोलें स्कूल

राज्य सरकार ने पंद्रह जून से स्कूल खोलने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भीषण गर्मी को देखते हुए प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सभी प्राइवेट स्कूलों से आवेदन किया है कि 19 जून से स्कूल खोलें। बैठक में आलोक दुबे ने कहा है कि अभिभावकों ने पासवा कार्यालय में आकर गर्मी छुट्टियां बढ़ाने की मांग की है। राज्य से दूरभाष पर भी लोगों ने संपर्क कर स्कूलों के ग्रीष्मावकाश बढ़ाने की मांग की है। पासवा अध्यक्ष ने कहा कि पूरे राज्य में भीषण गर्मी का कहर है। सुबह 9 बजे से ही गर्म हवाएं और लू चल

रही है। पूरे राज्य में 42 से 44 डिग्री तापमान है। पहले 12 जून से सभी स्कूल खुलने वाले थे। हालांकि पासवा की मांग पर राज्य सरकार ने अब स्कूल खुलने के लिए 15 जून का समय निर्धारित किया है। पासवा राज्य के सभी निजी विद्यालय संचालकों से आग्रह करती है कि बच्चों और अभिभावकों की सेहत और उनकी सुरक्षा को देखते हुए 17 जून तक स्कूल बंद रखें और 19 जून (सोमवार) से स्कूल खोलें।

विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी पासवा : 10वीं और12 वीं में 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करनेवाले सीबीएसई, आइसीएसइ, जैक बोर्ड के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। पासवा द्वारा राज्यस्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर 15 हजार से अधिक बच्चों को जुलाई के पहले सप्ताह में सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में आलोक दुबे ने कहा कि पिछले वर्ष 8 अगस्त को पासवा ने 10 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित कर कीर्तिमान स्थापित किया था। इस वर्ष 15 हजार बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो इस देश का अब तक का सबसे बड़ा सम्मान समारोह होगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पासवा कार्यालय में 15 जून से प्रारंभ हो जायेगी। बैठक में पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए जमीन की बाध्यता गलत है। पिछली सरकार द्वारा लागू 2019 आरटीई संशोधन कानून, जिसमें मध्य विद्यालय वर्ग कक्षा 1 से 8 तक के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 1 एकड़ और शहरी क्षेत्रों में 75 डिसमिल, जबकि प्राथमिक विद्यालय वर्ग कक्षा 1 से 5 तक के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 60 डिसमिल और शहरी क्षेत्रों में 40 डिसमिल जमीन की बाध्यता की गयी है, वह सरासर गलत है। मौके पर संजय प्रसाद, आलोक बिपीन टोप्पो, राशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रजन, रुपेश कुमार, अमीन अंसारी, माजिद आलम, अल्ताफ अंसारी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

राजद कार्यालय में धूमधाम से मना लालू यादव का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। राजद कार्यालय, हंटरगंज में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर जन्म दिन समारोह में इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया संघ के अध्यक्ष अषोक कुमार यादव ने संयुक्त रूप से केक काटा तथा उपस्थित लोगों को बधाई दिया। मौके पर लोगों ने मिठाइयां बांटी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुषी का इजहार किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि लालू प्रसाद यादव शोषित, दलित, पिछडा, अल्पसंख्यकों तथा कमजोर वर्ग के मसीहा थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह बाबा भीम राव अंबेडकर ने संविधान में गरीबों के हक अधिकार का जिक्र कर कानून बनाया, उसे लालू प्रसाद यादव ने लागू कर सम्मान और अधिकार दिलाने का काम किया। शिक्षा का अधिकार हो या राजनीति के क्षेत्र में हक की बात हो लालू यादव ने गरीबों को जो दिलाया उसे जन्म-जन्मान्तर तक नहीं भुलाया जा सकता है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह माली बगीचा को सिंचता है, उसी प्रकार लालू यादव ने गरीबों को हक अधिकार दिलाने में रहे। समारोह को जिप सदस्य सुरेष पासवान, राजद नेता देवलाल यादव, राजेदव यादव, वकील खां, बोधन यादव, भोला प्रसाद यादव सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। इस समारोह में चंद्रिका यादव तथा कमलेष कुमार यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सात ओपन जिम बन कर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 7 जगहों पर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। इसके लिए पूर्व में जिला प्रशासन और सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के द्वारा एमओयू किया गया था। जिसके उपरांत लगातार समन्वय कर बेहद कम समय में जिलेवासियों के लिए सभी 7 ओपन जिम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

सीएसआर के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत भवन के समीप, मांडूचट्टी बाजारटांड़ एवं कुज्जू पब्लिक हाई

स्कूल, पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप, सयाल हिल व्यू स्टेडियम के समीप, मयूर स्टेडियम रिवर साइड बुध बाजार एवं चितरपुर प्रखंड अंतर्गत अर्पणा वाटिका में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से जल्द से जल्द जिलेवासियों के लिए ओपन जिम का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है। वही संचालन शुरू होने के उपरांत जिलेवासी खुली हवा में आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे।

डीसी ने सीसीएल को दिया धन्यवाद

डीसी माधवी मिश्रा ने सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 ओपन जिम अधिष्ठापित करने के लिए सीसीएल दरभंगा हाउस रांची का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग इतने व्यस्त हैं कि अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते। वही अधिक व्यस्तता से तनाव भी उत्पन्न होता है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में जहां बच्चे मनोरंजन के लिए ज्यादा समय खेल मैदानों में बिताते थे। वही आज के दौर में बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ओपन जिम का निर्माण करने का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए पहल करना है। जहां लोग तनाव कम करने के लिए सुबह या शाम के वक्त टहलते हैं उसी जगह उन्हें अगर आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे तो कहीं ना कहीं वे टहलने के साथ कसरत भी कर सकेंगे। साथ ही बच्चे आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से मनोरंजन के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य भी अच्छा रख सकेंगे।

क्या क्या है ओपन जिम में खासियत

ओपन जिम में सीट अप बोर्ड, चेस्ट प्रेस कम सीटेड पुलर, डबल स्टैंडिंग ट्विस्टर, सीट अप बेंच, पैरलल बार, मंकी बार, लेग प्रेस, ताईची(2इन1), क्रॉस ट्रेनर, ट्रिपल स्टैंडिंग ट्विस्टर, 3 इन 1 एयर वॉकर सोल्डर बिल्डर एवं लेग प्रेस सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे।

पर्यटन के मामले में थाइलैंड से सीखें

अगर दुनिया में नहीं तो एशिया में कोई भी देश पर्यटकों द्वारा समान रूप से आकर्षित नहीं होता, जितना कि थाइलैंड होता है। इस सप्ताह बैंकाक का दौरा करते हुए मुझे इसके बारे में बार-बार याद दिलाया गया। मेरे होटल से 500 मीटर की दूरी पर मैंने शहर के सबसे शानदार शॉपिंग माल के तहखाने में विदेशियों और स्थानीय लोगों के लिए आसान, स्वच्छ और सुलभ स्ट्रीट फूड देखा। ईथाई में स्टॉल के बाद स्टॉल में भूनी हुई बतख से लेकर तली हुई नूडल तक दिखायी दी। आगंतुकों को स्कैन करने के लिए एक क्यू आर कोड के साथ कार्ड दिये गये थे। पर्यटकों के लिए उनकी खरीदारी पर वैट रिफंड प्राप्त करने के लिए एक बूथ भी था। शॉपिंग माल की ऊपर की मंजिलों में बेतहाशा महंगे फैशन की चीजें दिखायी दीं। जब मैं ईथाई के प्रबंधक प्रदीद इंतिया से मिला, तो उन्होंने मुझे सारी जगह पर घुमाया, जहां वेटर आपके द्वारा चुने गये भोजन को तैयार करने के बाद आपकी मेज पर लाते हैं। वेटर ज्यादा विनम्र दिखे। महामारी से पहले की तुलना में बैंकाक में व्यस्तता कम होने का दुख जताने के बाद उन्होंने कहा कि ईथाई को अपने शाकाहारी विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि भारतीयों के पास खाने के अधिक से अधिक विकल्प हों।

इस वर्ष थाइलैंड में पर्यटकों की गिनती 25 मिलियन के करीब हो गयी है। यहां पर हमें थाइलैंड से सबक लेने की जरूरत है कि कैसे पर्यटकों को अपनी ओर खींचा जा सकता है। हमें ऐसी नीतियों को बनाना होगा, जो होटल तथा रेस्तरां मालिकों के व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।

वर्ष 2015 और 2019 के मध्य थाइलैंड में पर्यटकों की वृद्धि 30 मिलियन से 50 मिलियन हो गयी, जोकि चौंका देने वाला आंकड़ा है। हालांकि कोविड महामारी ने पर्यटन उद्योग को बहुत गहरी चोट पहुंचाई, इसके बावजूद इस वर्ष थाइलैंड में पर्यटकों की गिनती 25 मिलियन के करीब हो गयी है। यहां पर हमें थाइलैंड से सबक लेने की जरूरत है कि कैसे पर्यटकों को अपनी ओर खींचा जा सकता है। हमें ऐसी नीतियों को बनाना होगा, जो होटल तथा रेस्तरां मालिकों के व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। यदि हम अपने देश की तुलना थाइलैंड से करें तो भारत ने 2019 में 11 मिलियन पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। इसमें से यदि हम भारतीय मूल के उन लोगों की गिनती को कम कर दें, जोकि अपने पारिवारिक सदस्यों को यहां मिलने आते हैं, तो यह आंकड़ा और भी कम हो जायेगा। इसके विपरीत थाइलैंड में बहुत कम आप्रवासी हैं। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भारत को कुछ कट्टरपंथी सोच में बदलाव करने होंगे। हमें ई-वीजा के स्थान पर जी-20 और हमारे धनी दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के लिए वीजा फ्री यात्रा को बढ़ावा देना चाहिए। यदि हम थाइलैंड जाने वाले बिना वीजा वाले पर्यटकों की गिनती करें, तो शायद यह लेख भी कम पड़ जाये। दक्षिण-पूर्व एशिया की सफलता अब थाइलैंड से वियतनाम और यहां तक कि केबोडिया से भी आगे बढ़ चुकी है। कंबोडिया 6.6 मिलियन पर्यटकों को 2019 में अपनी ओर आकर्षित कर चुका है।

अभिमत
आजाद सिपाही

विदेश नीति के संदर्भ में एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण द्वारा समर्थित तटस्थता के एक तत्व ने भारत को हितों पर आधारित नीति का पालन करने का मार्ग दिया है, जहां आपसी हितों की पूर्ति होती है। उच्च स्तर के वैश्विक नेताओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत पहुंच ने सुनिश्चित किया है कि हमारे स्टॉक में केवल वृद्धि हुई है। सबसे अच्छा उदाहरण वह संबंध है, जो उन्होंने सभी काफी विविध दृष्टिकोणों के साथ तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ स्थापित किया था।

नौ साल के प्रतिष्ठित नेतृत्व ने भारत को प्रेरित किया

सैयद अता हसनैन



एक राष्ट्र के पास प्रगति करने के लिए सभी सकारात्मक गुण हो सकते हैं और इसके लोगों के पास महानता की आकांक्षा के लिए सारी ऊर्जा हो सकती है। हालांकि, जब तक राष्ट्र मौलिक रूप से सुरक्षित नहीं है और पड़ोसियों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य लोगों के साथ इसके संबंध भी संतुलित नहीं हैं, तब तक प्रगति मृग-मरीचिका ही हो सकती है। पिछले नौ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति डोमेन के संदर्भ में भारत के स्टॉक में उतनी अधिक वृद्धि हुई है, जितनी पहले कभी नहीं हुई। इससे यह सुनिश्चित होता है कि राष्ट्रीय विकास के अन्य सभी पहलू संसाधनों या रास्ते में बाधाओं की चिंता किये बिना निरंतर प्रगति हो रही है।

विदेश नीति के संदर्भ में एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण द्वारा समर्थित तटस्थता के एक तत्व ने भारत को हितों पर आधारित नीति का पालन करने का मार्ग दिया है, जहां आपसी हितों की पूर्ति होती है। उच्च स्तर के वैश्विक नेताओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत पहुंच ने सुनिश्चित किया है कि हमारे स्टॉक में केवल वृद्धि हुई है। सबसे अच्छा उदाहरण वह संबंध है, जो उन्होंने सभी काफी विविध दृष्टिकोणों के साथ तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ स्थापित किया था। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि 2+2 अवधारणा के माध्यम से लगातार परामर्श को शामिल करते हुए भारत-अमेरिका संबंध लगातार आगे बढ़े हैं। अमेरिका ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके प्रतिबंधों के तहत देशों से अधिग्रहण के क्षेत्र में भारत के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह यूक्रेन युद्ध पर भी भारत के रुख का निरंतर सम्मान करता है।

भारत ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका को 3.8 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की।

मध्य-पूर्व में भी, भारत द्वारा अपनायी गयी एक स्वतंत्र नीति ने खाड़ी देशों के साथ फलते-फूलते संबंधों को सुनिश्चित किया है, जहां 8 मिलियन प्रवासी रहते है और काफी धन स्वदेश भेज रहे हैं। इसके अलावा, भारत अब वेस्टर्न क्वाड का सदस्य बन गया है, जो इजरायल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) (आइआइयूयू) के साथ साझेदारी को दर्शाता है।

भारत के भू-राजनीतिक कद में वृद्धि का कारण महामारी का प्रभावी आंतरिक प्रबंधन, इसके बाद होने वाली वैक्सीन कूटनीति और दुनिया की फार्मा राजधानी के रूप में स्थापित होना है। यूक्रेन युद्ध छिड़ते ही कूटनीतिक तौर पर ब्राउनी पॉइंट काम आये।

भारत द्वारा अपनायी गयी तटस्थता के सही रुख के साथ यह अपने लिए एक ऊर्जा संबंधी लाभ प्राप्ति का माध्यम बना, जो अर्थव्यवस्था के आकांक्षात्मक उछाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण था, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान इस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। दो साल से भी कम समय में अर्थव्यवस्था के -24 प्रतिशत मूल्यह्रास से 6.25 प्रतिशत सकारात्मक विकास दर तक पहुंचना सचमुच विवेकपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति का परिणाम था।

वर्तमान सरकार के काल में भारत के बढ़ते सामरिक आत्मविश्वास के कारण चीन द्वारा वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी के प्रयास देखे गये। एक मजबूत और समुचित रुख ने यह सुनिश्चित किया कि चीन उस सैन्य स्थिति से कोई फायदा नहीं उठा सकता, जिसे उसने बनाने की कोशिश की थी। एक बड़ा खतरा बने बिना बातचीत की प्रक्रिया जारी है।

शायद सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि अनुच्छेद 370 में संशोधन करने और जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से एकीकृत क्षेत्र का दर्जा देने का साहसिक निर्णय था। प्रशासनिक क्रियाकलाप और सुविधा के लिए, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम फरवरी 2021 से बना हुआ है, जो सुरक्षा के वातावरण को अधिक स्थिर बना रहा है। इसने जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सकारात्मक अंतिम रूप देने के लिए कई विकल्प तैयार किये हैं।

क्षमता और क्षमता विकास के क्षेत्र में यह एहसास हुआ है कि भारत सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए महत्वपूर्ण हार्डवेयर की खरीद पर अरबों रुपये मूल्य के विदेशी मुद्रा भंडार को बर्बाद नहीं कर सकता। इससे हितधारकों के मन में दृढ़ता आयी है। चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों (पीआइएल) की अब तक पहचान की गई है, पहली तीन सूचियों में 1238 वस्तुओं को आयात प्रतिबंध पर रखा गया है और हाल ही में 928 वस्तुओं को इसी तरह से माना गया है। 928 वस्तुओं की नवीनतम सूची में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण घटक और पुर्जे के साथ-साथ हाई एंड सामग्री भी शामिल हैं, जिनके बल पर हम 715 करोड़ रुपये मूल्य के आयात से बच सकते हैं। यह आत्मनिर्भरता की ओर जाने वाला मार्ग है जो धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर है। स्वदेशीकरण पर अधिक जोर देने से भारत के वैज्ञानिक तथा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) समुदाय को बहुत प्रोत्साहन मिला है।

महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा की बचत आर्थिक स्थिरता और 2030 से पहले 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था होने के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करेगी।

अनिश्चितता से जुड़े जोखिम वाले क्षेत्रों के डोमेन में अपने बढ़ते कद के कारण इंडो पैसिफिक क्षेत्र ने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। आसियान तक पहुंच के माध्यम से, गणतंत्र दिवस 2018 के लिए शासनाध्यक्षों/ देशों के प्रमुखों को निमंत्रण, राष्ट्रों के समूह (क्वाड) के सदस्यों के साथ सक्रिय भागीदारी, राजनीतिक और सैन्य कूटनीति का प्रभावी उपयोग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की दक्षिण प्रशांत क्षेत्र की यात्रा में इस क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है, जो आवश्यकता होने पर, भविष्य के समूहों और साझेदारी के लिए एक शुभ संकेत है।

पड़ोसी देश कभी भी सरकार के फोकस से दूर नहीं रहे है। भारत ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका को 3.8 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की। बांग्लादेश, मालदीव और नेपाल के साथ संबंध सामान्य रहे हैं, और विशेष रूप से भारतीय सॉफ्ट पावर के संबंध में अफगानिस्तान के साथ यह अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक दिशा में विकसित हो रहा है।

नौ वर्षों के सशक्त और तेजी से बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में भारत ने तेजी से वृद्धि की है और निःसंदेह स्थिर राष्ट्रों की श्रेणी में एक उच्च पायदान की आकांक्षा कर सकता है। जी20 की अध्यक्षता मिलना भारत से अपेक्षाओं का प्रमाण है और जी7 में आमंत्रित होने से भारत को जो स्थान मिला है वह निश्चित रूप से गौरवपूर्ण है।

(लेखक : लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त), केंद्रीय विश्वविद्यालय कश्मीर के चांसलर और सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण - एनडीएमए हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

पांच पंचायत के मुखिया और पंसस ज्वलंत मुद्दों पर सौंपेंगे मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। गोविंदपुर की ज्वलंत समस्याओं को लेकर पांच पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति के सदस्यों ने बैठक का आयोजन किया। रविवार को बैठक के माध्यम से 12 जून को होने वाले जनता दरबार में मांग पत्र सौपने का निर्णय लिया गया। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परितोष सिंह ने इसकी जानकारी दी। मौके पर उन्होंने बताया जिला परिषद कार्यालय में पांच पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य की बैठक किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से पेयजल, बिजली, रेलवे ओवर ब्रिज, साफ सफाई,कंपनी के द्वारा सीएसआर के तहत कार्य की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मुखिया राखी सिंह सरदार, सोनका सरदार, गिरीबाला लोहारा,रंजीत सरदार, आलोक शांडिल, पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा, संगीता देवी,रीना सरदार उपमुखिया दिनेश कुमार,विभा सिंह और अन्य उपस्थित रहे।

70 बच्चों ने जूलॉजिकल पार्क का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बिरसा नगर के गरीब बच्चों को बेहतर भविष्य व शिक्षा प्रदान करने में बिरसा महिला समिति का अहम भूमिका है।रविवार को बिरसा महिला समिति व वूशु प्लेयर्स ट्रेनिंग सेंटर के लगभग 70 बच्चों को नाम्या स्माइल फाउंडेशन के पहल पर निःशुल्क जूलॉजिकल पार्क का भ्रमण कराया गया। मौके पर जीव- जंतु व पर्यावरण के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाडंगी शामिल रहे। श्री षाडंगी ने बताया सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ निशुल्क खेल में भी बेहतर दिशा निर्देश देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया रविवार को बच्चों जूलॉजिकल पार्क भ्रमण के दौरान जीव जंतु और पर्यावरण के महत्व के वारे जानकारी दी गई। ताकि जीव-जंतु एवं पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह पायेगा। बच्चों ने टाटा जू के म्यूजियम के अवशेषों को स्पर्श कर नए अनुभव को पाया। बच्चों ने टाटा जू के डॉक्टर सीमा रानी से कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। मौके पर विजय सोए,नीरज गोप, सुलोचना देवी मुंडा,रिशु केसरी, तहसीन हाशमी और अन्य उपस्थित रहे।

राजद सुप्रीमो के 76वें जन्मदिन पर काटा 76 पौंड का केक

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। झारखंड प्रदेश लालू विचार केंद्र के झारखंड प्रदेश के संयोजक सह आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन 76 पाउंड का केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को आदित्यपुर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लालू समर्थकों और राजद कार्यकर्ताओ ने लालू प्रसाद यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। वही हैप्पी बर्थडे टू यू लालू गीत में पूरा क्षेत्र गुंज उठा। वही पुरेंद्र नारायण सिंह के द्वारा लालू प्रसाद के चित्र पर तिलक लगाकर व आरती उतारकर ईश्वर से लंबी उम्र की कामना करते हुए लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर लालू प्रसाद यादव की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों में विश्वास करने वाले लालू विचार केंद्र के कार्यकताओं ने पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने व समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरणों को पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भोजपुरी के सुप्रसिद्ध गायक राजेश रसिक ने लालू प्रसाद यादव की जीवनी पर आधारित गीतों की प्रस्तुति की। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के जन्मदिन पर देतबानी जा बधाई, लालू जी के कहे में राजनीति के शेर कोनो फेर नईखे गीतों की प्रस्तुति की। लालू समर्थकों ने खूब ताली बटोरी। मौके पर पुरेंद्र नारायण सिंह के द्वारा लालू प्रसाद यादव के नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों को वर्षभर जन- जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले 5 सक्रिय कार्यकताओं को सम्मानित किया। वही लालू प्रसाद यादव की जीवनी पर आधारित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में प्रश्न पूछे गए। विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सिद्धनाथ सिंह यादव, देव प्रकाश, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती संध्या प्रधान, वीरेंद्र यादव, डॉ विजय कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद, डीपी सिंह, श्यामसुंदर मालाकार, रामानंद भक्ता, कैलाश गुप्ता, रामा यादव, काशीनाथ सिंह, सुदर्शन सिंह, दंगल सिंह, विनोद कुशवाहा, राम इकबाल यादव, भूपेंद्र कुशवाहा, अबोध यादव, एसएन यादव, राजेश यादव, जय मंगल यादव, सागर प्रसाद यादव, अजय कुमार, अधिवक्ता संजय कुमार, ओम प्रकाश, प्रमोद गुप्ता, दिलीप मंडल, संतोष यादव, श्रीमती पुष्पा सिंह, राजकुमारी सिंह, सुचिता बारिक सहित सैकड़ों लालू समर्थक उपस्थित रहे।

एसडीपीओ से नोकझोंक करना दो युवकों को पड़ा महंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में बीती रात एसडीपीओ के साथ दो युवकों के द्वारा नोकझोंक करना भारी पड़ गया। रविवार को पुलिस ने दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है शनिवार की रात करीब 10:00 बजे आदित्यपुर थाना अंतर्गत आरआईटी मोड़ के समीप दीपू मिश्रा व जेपी तिवारी के साथ वापस में विवाद चल रहा था। इसी बीच एसडीपीओ हरविंदर सिंह सिविल ड्रेस में उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने रोड पर हंगामा देख गाड़ी रोक कर दोनों युवकों के हंगामे के बीच पहुंचकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। उसी बीच एसडीपीओ के साथ दोनो युवक ने नोकझोंक कर डाली। एसडीपीओ हरविंदर सिंह सिविल ड्रेस में थे। युवकों ने एसडीपीओ को पहचान नहीं पाए। एसडीपीओ ने तत्काल आदित्यपुर पुलिस को दोनों युवकों को उठने का निर्देश दिए। देर रात मेडिकल जांच कराया गया। रविवार दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने तय की भविष्य की रूपरेखा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मिथिला सांस्कृतिक परिषद की वार्षिक आमसभा 2023 का आयोजन गोलमुरी के विद्यापति परिसर में किया गया। रविवार को बाबा विद्यापति जी के चित्र पर पुष्प अर्पित वार्षिक आमसभा की शुरूआत की गई। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित संपूर्ण कार्यकारिणी और आजीवन सदस्य विद्यापति जी के चित्र पर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर नमन किया। वही पंडित बिपिन कुमार झा के द्वारा स्वस्तिवाचन प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर शंकर नाथ झा ने भगवती गीत जय जय भैरवी गीत प्रस्तुत की। अध्यक्ष शिशिर कुमार झा के द्वारा सभी आजीवन सदस्यों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर ने किया। महासचिव सुजीत कुमार झा ने बीते वर्ष संपन्न आमसभा का कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसे सभी उपस्थित आजीवन सदस्यों ने सर्वसम्मति से संपुष्टि जतायी। उसके बाद महासचिव ने विगत एक वर्ष में संस्था के द्वारा किए गये कार्य का लेखा जोखा प्रस्तुत की। जिसे सभी सदस्यों ने जोरदार ताली बजाकर सराहना की। महासचिव ने बताया कि परिषद प्रगति के पथ पर अग्रसर है। लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे है। सभी आजीवन सदस्यों के सहयोग और आशीर्वाद से परिषद नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा के द्वारा वर्ष 2021-2022 का वार्षिक अंकेक्षण रिर्पोट पढा गया। सभी सदस्यों ने पास किया। वही आजीवन सदस्यों के द्वारा संस्था के विकाश से संबंधित कुछ सुझाव दिये गये, जिसे महासचिव ने पूरा करने का आश्वासन दिया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पंकज रॉय ने किया। मौके पर बब्लू झा ने आमसभा को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ,आजीवन सदस्यों व कार्यकारिणी सदस्य के योगदान को सराहनीय बताया।

महत्वपूर्ण न्यूज

मंत्री मिथिलेश के निर्देश पर तीनों मृत बच्चों के परिजनों को दी सहायता राशि

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बभनी खांड़ डैम में डूबने से हुई तीन मौतों के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर मृतक के परिजनों को आपदा राहत योजना के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, सीओ अरुण मुंडा, मंत्री के प्रतिनिधि झामुमो उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने परिजनों को 2-2 लाख का चेक प्रदान किया। मृतक अंकज कुमार की माता गीता देवी और रूपा कुमारी की माता मनीषा देवी को चेक प्रदान किया गया। गढ़वा के मृतक सोनू उरांव के परिजन के यहां नहीं रहने के बाद घर जाकर चेक प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर मजिस्ट्रेट अजय तिर्की ने कहा कि आपदा राहत के तहत तत्काल 2-2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। इसके अलावे खाद्यान्न और अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस दर्दनाक घटना के बाद जिला प्रशासन को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। अन्य सरकारी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री इस विकट परिस्थिति में परिजनों के साथ हैं। मौके पर एसआई राहुल कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार भी मौजूद थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने उपायुक्त से की बभनी खांड़ डैम में सुरक्षा प्रहरी तैनात करने की मांग

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी ने उपायुक्त गढ़वा को पत्र प्रेषित कर बभनी खांड़ डैम में सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने के मांग की है। अपने लिखे पत्र के माध्यम से विजयालक्ष्मी ने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत बभनी खांड़ डैम जो श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत स्थित है, जिसकी निविदा प्रक्रिया दो माह पहले ही अमृत टू योजना के अंतर्गत पूरी की जा चुकी है। इस कार्य को पूर्णरूपेण धरातल पर उतर जाने से वहां के लोगों को रोजगार के साथ-साथ चहल पहल भी बढ़ेगी, जिससे ऐसी घटना पर भी रोक लगायी जा सकेगी। डैम में डूबने से बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के कई इलाकों के बच्चों की मौत हो चुकी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो सके। डैम का सुंदरीकरण कार्य भी जल्द से जल्द कराया जाए।

अंकित कुमार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता अंडर 14 में गोल्ड मेडल मिलने पर दी बधाई

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के अंकित कुमार को झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता अंडर 14 में गोल्ड मेडल मिला। झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रथम सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 11 जून तक रजरप्पा रामगढ़ में आयोजित हुआ। उक्त प्रतियोगिता में गढ़वा जिला से एथलीट पार्टिसिपेट किए थे। उनमें से अंकित कुमार जिन्होंने अंडर 14 बालक वर्ग के ट्रायथलॉन इवेंट्स जिसमें 60 मी., स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, हाई जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। संघ के सचिव आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि अंकित कुमार का परफॉर्मेंस पिछले एनआईडीएम प्रतियोगिता में अच्छा रहा था। इस बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया, जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है। ऐसे मेधावी खिलाड़ी को एथलेटिक्स संघ सम्मानित करने का कार्य करेगा। मेडल प्राप्त करने पर संघ के अध्यक्ष एसके पांडे, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, शंकर पाल, शमशाद अहमद, कोशलेश तिवारी, रंजीत कुमार, अमित कुमार, अभयकांत, रिया कुमारी ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किए, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा सहित ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संरक्षक अनिता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, अमृत शुक्ला, विजय केशरी, मदन केशरी, ओमप्रकाश तिवारी, उमेश सहाय, अरविंद कुमार, जगरनाथ राम, धर्मेंद्र पाल, सतेंद्र यादव, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अधिवक्ता स्व. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी का रायपुर में निधन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा शहर के जाने-माने अधिवक्ता स्व. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी कमला मिश्रा 85 वर्ष का 11 जून को रायपुर अस्पताल में निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उनकी चार बेटियां एवं दो बेटे हैं। वे अपने भरा पूरा परिवार को छोड़ चली गइं। वे बहुत ही मृदुभाषी एवं संघर्षशील व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका अंतिम संस्कार अंबिकापुर में उनके बेटे के आवास से सोमवार को सुबह आठ बजे किया जायेगा।

शर्मनाक : मझिआंव सीएचसी रेफरल अस्पताल में घोर लापरवाही उजागर

नवजात के शव को दाई ने जलते हुए कचरे के टैंक में फेंक दिया

परिजनों ने प्रसव के दौरान कार्यरत एएनएम पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। मझिआंव सीएचसी रेफरल अस्पताल में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना प्रकाश में आयी है। बताते चलें कि मामला पलामू जिला के रजहारा के लहलहे गांव निवासी मनदीप विश्वकर्मा की 22 वर्षीय गर्भवती पत्नी मधु देवी के जन्मे बच्चे की मौत के बाद रेफरल अस्पताल की दाई के द्वारा जलते हुए कचरे के टैंक में फेंक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरपुरवा गांव निवासी हरि किशोर विश्वकर्मा की विवाहिता 22 वर्षीय पुत्री मधु देवी को प्रसव पीड़ा के पश्चात शनिवार को दोपहर लगभग 2:00 बजे मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उसके पश्चात एएनएम निर्मला कुमारी एवं मंजू कुमारी के द्वारा पांच माह के मृत बच्चा का प्रसव 2:30 बजे कराया गया। इसके पश्चात अस्पताल की एनएम के लापरवाही के साथ दाई दौलत देवी के द्वारा अस्पताल के कचरा निस्तारण हेतु बने गहरे टैंक में जलते हुए कचरे में मृत बच्चे को फेंककर मानवता को शर्मसार कर दिया गया।

एएनएम निर्मला कुमारी छह वर्ष पूर्व भी लापरवाही के आरोप में काट चुकी है दो वर्ष जेल की सजा

बताते चलें कि छह वर्ष पूर्व भी एएनएम निर्मला कुमारी के द्वारा आवासीय विद्यालय कस्तूरबा गांधी की बालिका का भी प्रसव कराकर बच्चे को रख लिया गया था। उस दौरान भी एनएम निर्मला कुमारी की घोर लापरवाही देखी गई थी और यह मामला सीडब्ल्यूसी में जाने के बाद प्रकाश में आया था। जिसके कारण निर्मला कुमारी दो वर्ष जेल में सजा भी काट चुकी है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि आए दिन निर्मला कुमारी के द्वारा निरंतर रेफरल अस्पताल में लापरवाही बरती जा रही है।

इधर नवजात मृत बच्चे के मामा गोलू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे का दाह संस्कार करने की तैयारी की जा रही थी और बाजार से कपड़ा लेने गए हुए थे। इधर नाराज परिजनों ने अस्पताल की घोर लापरवाही का हवाला देते हुए बताया कि हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मृत बच्चे के दाह संस्कार के लिए तैयारी की जा रही थी। इसी बीच अस्पताल की एएनएम के द्वारा घोर लापरवाही के कारण मृत बच्चे को जलते हुए कचरे में फेंक दिया गया।

इधर इस संबंध में कार्यरत दोनों एनएम ने घटना के संबंध में कुछ भी बताने से आनाकानी करती रही। अंततः दोनों एएनएम ने घटना को स्वीकार करते हुए कहा कि प्रसव के पश्चात मृत बच्चे को बगैर हम लोगों से पूछे दाई के द्वारा जलते कचरे के ढेर में फेंक दिया गया।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिव्यांग की बेटी की शादी में किया आर्थिक सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत के बरदरी गांव निवासी नहाई सिंह एवं उनका पूरा परिवार मानसिक रूप से विकलांग बेटी प्रमिला कुमारी की शादी उनके चाचा रामावतार सिंह के द्वारा लगाया गया। जिसकी सूचना पंचायत कमेटी एवं पूर्व मुखिया अरुण मिश्रा के द्वारा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को दी गयी। तत्काल सूचना मिलते ही मंत्री श्री ठाकुर ने प्रमिला कुमारी को शादी में सहयोग हेतु बक्सा, साड़ी, 50 केजी आटा, सिंगार का सामान, स्टील सेट का बर्तन, फूल का लोटा थाली, एक टिन रिफाइन एवं विशेष आर्थिक सहयोग झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा टीम और पंचायत कमेटी चुतरू के माध्यम से घर पहुंचाया गया। इस कार्य को देखकर पूरे ग्रामवासी काफी खुश दिखे और धन्यवाद दिए।

इस मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, पूर्व मुखिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के कर्मठ कार्यकर्ता अरुण मिश्रा, चुतरू के पंचायत अध्यक्ष डॉ रहबर, युवा पंचायत अध्यक्ष चिरागउद्दीन अंसारी, विश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद, प्रखंड युवा सदस्य संतोष राय, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश भारती, लोकल चुतरू पंचायत कमेटी के सदस्य सदाकत अंसारी, अशरफ अंसारी, विदेश गुप्ता, युवा प्रखंड सदस्य अरविंद मिश्रा, कंचनपुर पंचायत के युवा सचिव लभली उरांव, रामेश्वर राम, कृष्णा सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, शकनाथ सिंह, रामावतार सिंह, सुकन सिंह, दशरथ राम, उमेश सिंह, इंद्रदेव सिंह, विकास प्रसाद, सरवर अंसारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

भाजयुमो गोवावल मंडल कार्यकारिणी घोषित, विकास तिवारी बने अध्यक्ष

भाजपा को मजबूती प्रदान करने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रही है : संतोष दूबे

भाजयुमो मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेगा : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में सांगठनिक बैठक की गयी। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा को मजबूती प्रदान करने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रही है। भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास जैसे मूल मंत्र के साथ काम कर रहे हैं, जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेगा। आने वाले समय में कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा केंद्र एवं राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी, जिसमें युवाओं की अहम भूमिका होगी।

इस दौरान भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा सांगठनिक बैठक के दौरान की। जिसमें अध्यक्ष विकास तिवारी, उपाध्यक्ष प्रिंस तिवारी, नितीश पटेल, महामंत्री अनीत तिवारी, सुधीर कुशवाहा, मंत्री देवव्रत सिंह, नितेश तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, मीडिया प्रभारी गोविंद यादव, सोशल मीडिया प्रभारी आनंद धर दुबे, सौरव सिंह, आईटी सेल प्रभारी अरविंद प्रजापति, कार्यसमिति सदस्य बृजेश कुमार, सरवन विश्वकर्मा, सत्यनारायण यादव, प्रशांत चौधरी, प्रिंस ठाकुर, अमित कुमार, अरुण पांडे, ब्रह्मा धर दुबे, विकास कुमार कुशवाहा, चंदन पाल, नीतीश पाल, ऋषि चौहान, चंद्रकांत तिवारी, समुद्री देवी, जितेंद्र उरांव, अभिमन्यु तिवारी, संजय मेहता, नितेश तिवारी आदि को बनाया गया।

मौके पर भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि भाजयुमो संगठन का विस्तार शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर जल्द किया जाएगा। बैठक का संचालन गोवावल मंडल महामंत्री अनित तिवारी ने किया।

भारत की ऋषि परंपरा को पल्लवित पुष्पित कर रहे जीयर स्वामी जी

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। समाज को उपदेशित करने के दायित्वबोध से अनुप्राणित होने के कारण विभिन्न कालखंडों में संत महात्मा परिव्राजक जीवन की गरिमा को आत्मसात करते हैं। उसी ऋषि परम्परा की गरिमा को पल्लवित एवं पुष्पित करते हुए श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी संकल्प व्रती परिव्राजक त्रिदण्डी संन्यासी के रूप में पूरे भारत वर्ष में जाने जाते हैं। ऋषि परम्परा की अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए पूज्य स्वामी जी दृढ़ प्रतिज्ञ हैं।

पूज्य स्वामी जी महाराज, भारत के महान मनीषी संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य हैं एवं श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के जीवन काल में ही वैष्णव परंपरा के अनुसार वे संन्यास धर्म का त्रिदंड ग्रहण कर परिव्राजक पथ पर अग्रसर हो गये थे। पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज एक सन्यासी के रूप में प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल में चातुर्मास्य व्रत प्रवास किसी एक स्थान पर चार माह के लिए करते हैं। इस अवधि में वे कठिन तपस्या करते हुए जन समुदाय को उपदेशित भी करते हैं। पूज्य श्री स्वामी जी महाराज आजीवन तृण की कुटी में निवास करते हैं एवं उनका जीवन जप, तप एवं सरलता का पर्याय है। भौतिक सुख सुविधा से दूर स्वामी जी का जीवन तप का अनुपम उदाहरण है। वे वर्ष भर में आठ महीना परिव्राजक संन्यासी की तरह भ्रमण करते हैं। इस अवधि में वे



गांव नगर में जाकर लोगों में सद्ग्रंथों की वाणी के अनुसार उपदेशित करते हैं। प्रातः नित्य मंगला आरती एवं शाम में प्रवचन कर लोगों के बीच नैतिकता एवं सहिष्णुता के मानवीय मूल्यों का विकास करना स्वामी जी के परिव्राजक जीवन मूल उद्देश्य है। अपनी ओजपूर्ण वाणी एवं दृष्टांत पूर्ण कथा शैली से वैष्णव परंपरा को आगे बढ़ाने वाले दुनिया के महान संत सन्यासी पूज्य स्वामी जी महाराज वैष्णव भक्तों के अनुरोध पर मानवता के संवर्द्धन हेतु पांच माह तक विंध्य क्षेत्र में अवस्थित गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा की पुण्य धरा पर प्रवास कर रहे हैं। झारखंड राज्य की धरती पर पहली बार पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में समतामूर्ति संत पूज्य श्री भाष्यकार श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी का सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 25 अलग अलग यज्ञ मंडपों में 1051 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अनेक धार्मिक अनुष्ठान, अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए टास्क फोर्स का गठन

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने 15 दिनों के अंदर झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों को चिन्हित कर कार्रवाई के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। झोलाछाप एवं फर्जी चिकित्सकों की अब खैर नहीं। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को पत्र प्रेषित कर 15 दिनों के अंदर टास्क फोर्स के साथ झोलाछाप एवं फर्जी चिकित्सकों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करने की बात कही है। अपने लिखे पत्र में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में फैले हुए झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के अपर सचिव जय किशोर प्रसाद के निर्देशानुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में फैले हुए झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों को चिन्हित कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसके आलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत सभी झोलाछाप, फर्जी चिकित्सकों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु एक टास्क फोर्स का गठन उपायुक्त गढ़वा के द्वारा किया गया है।

टास्क फोर्स में संबंधित क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी अध्यक्ष, संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी सदस्य, संबंधित क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदस्य, संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी सदस्य एवं संबंधित प्रखंड के कार्यालय सहायक स्वास्थ विभाग सदस्य के रूप में होंगे। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों से 15 दिनों के अंदर अपने क्षेत्र में सभी झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही है। इस आदेश के बाद फर्जी चिकित्सकों के बीच हड़कंप मच गई है।

प्रशिक्षण : गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के आठ दिवसीय शिविर का समापन

अभ्यास मैच में खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन और कौशल दिखलाया

मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर की तरफ से सभी खिलाड़ियों को वॉलीबॉल किट प्रदान किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय गोविंद हाई स्कूल के मैदान में झारखंड वॉलीबॉल संघ के निर्देश पर गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आठ दिवसीय वॉलीबॉल शिविर का सफल समापन हुआ। आज का प्रशिक्षण अपने निर्धारित समय 6:00 बजे सुबह से प्रशिक्षक प्रशांत ओझा और कुलदीप गौंड की देखरेख में प्रारंभ हुआ। खिलाड़ियों को वॉर्म अप कराने के बाद आज 3:00 सेट का अभ्यास मैच खेला गया। इस अभ्यास मैच में खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन और कौशल दिखलाया। शिविर का समापन समारोह सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ हुआ। इस समापन समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों को संघ के पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने स्वागत भाषण के साथ-साथ इस शिविर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक ने अपने संबोधन में प्रशिक्षकों की भूमिका की सराहना की।

विधायक खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे ने इस सफल आयोजन के लिए संघ को बधाई दी तथा मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर की तरफ से सभी खिलाड़ियों को वॉलीबॉल किट प्रदान किया।

ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने अपने संबोधन में संघ के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों को शिविर में सीखे गए वॉलीबॉल के सभी तकनीकी पहलुओं को आगे भी अभ्यास करने का निर्देश दिया।

मंच का संचालन संघ के उपाध्यक्ष श्याम बाबा ने किया। इसके बाद प्रशिक्षण में भाग लिए सभी खिलाड़ियों को कीट तथा पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, विधायक खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह, राजकमल तिवारी, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, रामाशंकर सिंह, विनोद पाल, वॉलीबॉल संघ के प्रणव कुमार, पंकज मिश्रा, संजीव पांडे, शैलेश सिन्हा, ओम प्रकाश चौबे, अरविंद दुबे, अंकेश नारायण, सीनियर खिलाड़ी विशाल पांडे, समर रजा, अंशु दुबे, सुमित मिश्रा, शुभम कुमार, बबलू कुमार, सनी कुमार आदि उपस्थित थे।

अवैध केंदु पत्ता परिवहन करते तीन ट्रैक्टर, एक 407 पिकअप वाहन और बाइक जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से तोड़े गए केंदु पत्ता के परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया था। अभियान बिना टेंडर वाले कुरुण तेहारो परों नवका लिधुकी की एवं नौका सहित अन्य वन क्षेत्र में चलाया गया था। इस दौरान अवैध केंदु पत्ता ले जा रहे दो संवेदक जय मां इंटरप्राइजेज एवं मेसेर्स स्टॉक ट्रेडिंग एंड कंपनी के तीन ट्रैक्टर, एक 407 पिकअप वाहन तथा एक मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। बताया गया कि ट्रैक्टर पकड़ने की भनक लगते ही जय मां इंटरप्राइजेज के संवेदक राकेश गुप्ता से जुड़े दर्जनों माफिया एवं बिचोलियों ने रात में

लाठी-डंडे के दम पर कुरुण कुरुण में दो ट्रैक्टर छुड़ा लिए। सूचना के बाद पहुंची भंडरिया पुलिस के सहयोग से वन विभाग ने ट्रैक्टर पर लोड अवैध तेंदूपत्ता जब्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार छापामारी करने और रात में निकली वन विभाग की टीम ने मेसर्स स्टॉक ट्रेडिंग एंड कंपनी के संवेदक जमाल अंसारी के अवैध खलिहान में ले जा रहे अवैध तेंदूपत्ता लादे एक 407 पिकप व नौका गांव से एक ट्रैक्टर जब्त किया। वहीं वन विभाग की दूसरी टीम ने गुरुवार को जय मां इंटरप्राइजेज संवेदक राकेश गुप्ता के अवैध खलिहान में ले जा रहे अवैध तेंदूपत्ता लदा दो ट्रैक्टर पकड़ने की बतायी गयी। इस संबंध भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम ने कहा कि एक ट्रैक्टर, एक मोटरसाइकिल, एक 407 पिकअप वाहन पर लदा अवैध केंद्र पत्ता लाठी डंडे के दम पर छुड़ा ले गए। दो ट्रैक्टर पर लदे अवैध तेंदूपत्ता को जब्त कर भण्डारिया बन परिसर लाया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनमें बरगढ़ प्रखंड के महुआटिकरी निवासी सुतन सिंह, मेदनीनगर निवासी पंकज कुमार, पलामू पांकी निवासी अजीत कुमार शामिल हैं।

आजसू से निष्कासित मनोज चंद्रा 19 को थामेंगे झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा सामुदायिक भवन में ग्रामीणों की एक जरूरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सिमरिया विधानसभा के समाजसेवी मनोज चंद्रा और संचालन इदरीस अंसारी ने किया। बैठक में क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान आजसू से निष्कासित मनोज चंद्रा ने 19 जून को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने की घोषणा की। इस संबंध में मनोज चंद्रा ने बताया कि 19 जून को सिमरिया कर्बला मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होने जा रहा है, जहां वह हजारों कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक के दौरान उन्होंने बहेरा पंचायत,कल्याणपुर पंचायत, बेंती पंचायत के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 14 जून को टण्डवा के टाउन हॉल में प्रखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें पंचायत के सभी लोगों को भाग लेना है। बैठक में चंद्रदेव साहू, सलीम अख्तर, इकबाल हुसैन, मोहम्मद असलम, अब्दुल अंसारी, जुबेर आलम, हाजी जसीम, परवेज आलम, इदरीस अंसारी, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद जुल्फान, खुर्शीद अंसारी, लियाकत अंसारी, शकील अंसारी, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद शाहिल, वसीम अकरम, मोहम्मद जाहीद, जमीर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

आरएसएस के सामाजिक समरसता विभाग के सदस्यों ने किया अड़ाल नावाडीह गांव का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। चिलचिलाती धूप में रविवार को सिल्ली प्रखण्ड के बड़ाचांगडू पंचायत अंतर्गत अड़ाल नावाडीह गांव में उत्पन्न जल समस्या और छुआछुत घटना की सच्चाई जानने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का एक प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा। वहां जाकर वास्तविक समस्या से अवगत होने के लिए लोगों से बातचित कर वास्तविक घटनाक्रम को जानने का प्रयास किया। दोनों समाज के सभी ग्रामीणों का कहना है कि हमसब समाज के लोग एक साथ है, हमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। कुछ गलतफहमी को जातिवाद का रंग दिया जा रहा है। किसी भी समाज की ओर से पीने के पानी को लेकर रोक नहीं लगाई गई है। इसे बेवजह जातिवाद और राजनीतिक रंग देकर दो समाज के बीच विद्वेष फैलाकर सामाजिक सद्भाव और माहौल बिगाड़ने का प्रयास और गांव को बदनाम की कोशिश की जा रही है। हम सभी समाज के लोग एक-दूसरे के सुख दुःख में हमेशा साथ थे। साथ हैं और हमेशा मिलकर साथ रहेंगे। वहीं, प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समरसता विभाग के प्रांत संयोजक दिनेश मंडल जी, प्रांत टोली के सदस्य ओमप्रकाश जी, जमशेदपुर विभाग संयोजक विक्रम सिंह जी, जमशेदपुर महानगर संयोजक विनोद सिन्हा जी, बौद्धिक प्रमुख बुंडू नगर मंतोष कुमार जी, शारीरिक प्रमुख जगतपाल जी, रंजीत कुमार यादव जी और शशि शेखर मिश्रा आदि के अलावा दोनों समाज के गण्यमान्य लोगों उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस के नेताओं ने बैठक कर सुनी फुदी गांव के लोगों की समस्या

खूंटी (आजाद सिपाही)। युवा कांगेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में रविवार को फुदी गांव में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। गांव वालों ने अर्द्धनिर्मित जलमीनार, पीसीसी रोड न बनने, जमीन के कागजात ऑनलाइन न होने सहित कई समस्याओं के बारे में कांग्रेस नेताओं को बताया। तब अरूण संगा ने वहीं से जिला परिषद अध्यक्ष से बात की और सड़क की समस्या को संज्ञान में लेने का आग्रह किया। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से बात कर जल संकट का निदान करने को कहा। अधिकारियों ने इसका समाधान करने का आश्वासन दिया। संगा ने कहा कि जमीन ऑनलाइन भी होगी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य मो सोहैल अंसारी, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मो उस्मान खान, प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, फुदी पंचायत मुखिया अनीमा कच्छप, ग्राम प्रधान दाऊद मुंडा, पूर्व मुखिया सामोल सांगा, बाहा मुंडा, दशरथ पाहन, मोहन होरो के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

जिला वॉलीबॉल संघ का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला वॉलीबॉल संघ खूंटी की ओर से वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए आयोजित आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर के समापन समारोह में उपस्थित एसडीए स्कूल के प्राचार्य पतरस मुर्मू सहित अन्य अतिथियों द्वारा वॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। चार जून से चल रहे शिविर में शामिल खिलाड़ियों ने कोच विकास मिश्रा एवं विक्की गुप्ता के दिशा निर्देश पर खेल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर संघ के सचिव पीटर मुंडू, बिरसा कॉलेज खूंटी के खेल प्रभारी राज कुमार गुप्ता ,मनोज राय आदि उपस्थित थे।

60-40 नियोजन नीति के प्रतिवाद में आहूत बंद का बुंडू, तमाड़, सिल्ली आदि जगहों पर दिखा असर

झारखंड बंद के समर्थन में दूसरे दिन भी सड़क पर उतरे छात्र, जगह-जगह अवरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली/बुंडू/ तमाड़। नियोजन नीति के खिलाफ छात्र संगठनों की ओर से आहूत झारखंड बंद को सफल कराने के लिए प्रदर्शनकारी दूसरे दिन (रविवार) भी सड़क पर उतरे। सिल्ली-बुंडू चौक के पास बंद समर्थकों ने मुरी-रांची मार्ग को जाम कर दिया। सड़क पर हो रहे प्रदर्शन की वजह से सिल्ली-बुंडू मार्ग में भी लंबा जाम लग गया। सबसे ज्यादा बहार से आने वाली गाड़ियां जाम में फंसी रही। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाने की कोशिश करने लगी। लेकिन प्रदर्शनकारी सड़क से हटने को तैयार नहीं दिखे। गौरतलब हो कि नियोजन नीति के खिलाफ छात्र संगठनों ने 10 और 11 जून को बंद का आह्वान किया था। बतातें चलें कि शनिवार को बंदी के पहले दिन भी छात्रों ने

झारखंड सरकार की नियोजन नीति के प्रतिवाद में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते छात्र व आम लोग। सड़क जाम से लगी वाहनों की लंबी कतार।

जमकर उत्पात मचाया था। पहले दिन भले ही शहरी क्षेत्रों में बंद का खास असर नहीं देखने को मिला लेकिन ग्रामीण इलाकों में बंद का खासा असर दिखा। बंद की वजह से लंबी दूरी की गाड़ियां काफी कम चलीं। इस दौरान सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद बंद समर्थकों को समझाया गया। तब वे सड़क जाम से हटे। नियोजन नीति के विरोध में जुटे लोगों ने कहा कि जब तक झारखंड सरकार द्वारा खतियान आधारित नियोजन नीति लागू नहीं की जाती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर टायर जलाकर आवागमन को बाधित करने की भी कोशिश की गयी। दूसरी ओर, बुंडू में बंद का व्यापक असर रहा। जबकि तमाड़ में बंद बेअसर रहा। बंद के समर्थन में छात्र नेता देवेंद्र महतो के नेतृत्व में दर्जनों बाइक से बुंडू नगर में रैली निकालकर बंद करने की अपील की। सभी छात्र सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। छात्र संगठनों के रैली के पीछे-पीछे पुलिस प्रशासन चल रही थी। बंद समर्थकों ने रांची-टाटा मार्ग 33 पर टोल गेट के समीप सड़क जाम कर सरकार और पुलिस विरोधी नारेबाजी की। इसी दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। बुंडू डीएसपी और थानेदार पंकज भूषण ने छात्र नेता देवेंद्र महतो और उनके समर्थकों को हिरासत में लेकर बुंडू थाना ले आई। इसके बाद पुलिस ने सभी बंद समर्थकों को छोड़ दिया। वहीं, हाट बाजार व्यवसायिक प्रतिष्ठान के अलावा सभी संस्थाएं बंद रही। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की एक भी दुकानें नहीं खुली। बुंडू से टेंपो छोटी बड़ी यात्री वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहे। इधर, दो दिनों की बंदी से बुंडू नगर के दुकानदार एवं आम लोग परेशान रहे। शादी का लगन होने के बावजूद लोग सामानों की खरीदारी नहीं कर पाए। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कहीं भी किसी तरह की हिंसा की कोई सूचना नहीं है। पुलिस-प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए थी।

विधायक प्रतिनिधि व प्रमुख ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। प्रखंड के कोंचो पंचायत के जोबला गांव में रविवार को पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी एवं पंसस भीम महतो ने संयुक्त रूप से किया। 350 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य विधायक मद की राशि से किया जाना है। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने कहा कि बरसात के समय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो की ओर से बुनियादी सुविधाओं के लिए क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, परीक्षित महतो, सुबेन कोइरी, पबीता देवी, कर्मी देवी, रेनू देवी, अलका देवी, अर्जुन कोइरी, भीम कोइरी, रमेश कोइरी, दुर्गा, लालू कोइरी, मेघनाथ बड़ाइक, परशुराम बड़ाइक समेत ग्रामीण उपस्थित थे

शिलान्यास में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, प्रमुख, उप प्रमुख व अन्य

समय से धरातल पर नहीं उतर रही हर घर नल जल योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी जल कल्याण योजनाओं में एक हर घर नल से जल योजना अधिकारियों की लापरवाही से खूंटी जिले में दम तोड़ रही है। अधिकांश योजनाएं समय पर पूरी होती नहीं दिख रही। यदि योजना पूरी हो भी जाती है, तो पानी की कमी समस्या बन जाती है। कहीं जलमीनार में पानी नहीं है, तो कहीं मशीन में खराबी है। यही कारण है कि आज भी गांव के लोग कुओं और नदियों का दूषित जल पीने को मजबूर हैं। हर घर नल जल योजना की लेटलतीफी का ताजातरीन उदाहरण है तोरपा प्रखंड के कसमार में बन रही ग्रामीण जलापूर्ति योजना। दिसंबर 2020 में केंद्रीय जनजतीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और विधायक कोचे मुंडा ने लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की उपस्थिति में 10 करोड़ 29 लाख की लागत वाली इस योजना का शिलान्यास किया था। दो वर्षों में इस योजना का निर्माण कार्य पूरा होना था। मार्च 2023 तक ट्रायल रन के बाद बारकुली पंचायत के हर घर को नल से जलापूर्ति करनी थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हुआ है, ट्रायल रन की बात तो दूर है। निर्माण कार्य की बति को देखकर ग्रामीण भी कहते हैं कि चार महीने बाद भी यह योजना पूरी हो जाए तो बड़ी बात होगी।

डेढ़ महीने में पूरी हो जायेगी योजना: कनीय अभियंता

इस संबंध में पूछे जाने पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तोरपा के कनीय अभियंता रावेल होरो ने कहा कि मार्च में योजना पूरी होनी थी, लेकिन कई दिनों तक काम बंद रहने के कारण विभाग द्वारा दो महीने का एक्सटेंशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि कसमार और बारकुली गांव में पाइप की सफाई के बाद डायरेक्ट सप्लाई की जा रही है। जलमीनार और अन्य निर्माण कार्य डेढ़ महीने पूरा हो जायेगा।

अब भी दूर की कौड़ी है खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना

आनेवाले 40 वर्षों में खूंटी शहरी क्षेत्र में संभावित जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई शहरी जलापूर्ति योजना खूंटी के लोगों के लिए अब भी दूर की कौड़ी है। अब तक 50 फीसदी भी काम पूरा नहीं हो पाया है। लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना की शुरूआत 2018-19 में हुई थी। 2021 में इस योजना को पूरा होना था। वहीं खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा कई बार इस मामले को विधानसभा में उठा चुके हैं, उपायुक्त भी कई बार ठेकेदार को चेतावनी देकर जुर्माना भी लगा चुके हैं।

गर्मी का कहर : बोरिंग से भी रूक-रूक कर निकल रहा कम पानी, लोग हलकान

पांच परगना में पारा 43 डिग्री पार, सूखे तालाब-चापानल

स्वरूप भट्टाचार्य

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पीने के पानी के लिए चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह नौ बजे के बाद से घरों से निकलना तक नामुमकिन हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। अधिकांश चापाकल और तालाब सूख चुके हैं। बोरिंग से भी पानी कम ही निकल रहा है। लोगों की मानें तो अगर एक सप्ताह के अंदर बारिश नहीं हुई तो लोग पीने के पानी के लिए तरसने लगेंगें। नदी-तालाब सुखने से मवेशियों, पशु-पक्षियों और जंगली जानवरों तक को पानी नहीं के बराबर मिल रहा है। लोग कुएं में सुबह से बाल्टी उतारकर थोड़ी बहुत पानी कपड़े से छानकर घर ला रहे है। पर वो भी नाकाफी साबित हो रहा। जगह-जगह बने पानी के टावर अधिकतर खराब हो गये है। कांची नदी से सप्लाई पानी रूक-रूक कर चल रही है। पंचायतों के पानी टंकी धूल फांक रहे हैं। वहीं, चाय-पकौड़ी की दुकानों व होटलों में बोतल बंद पानी मजबूरन खरीद कर पीना पड़ रहा है। बड़े-बुजुर्गों का कहना है कि पिछले 20 सालों में ऐसी गर्मी नहीं पड़ी थी। लेबर-कुली इस तपतपाती गर्मी में काम नहीं कर पा रहे हैं। सुगर व बीपी के रोगी घरों मे दुबके रह रहे है। अधिकतर घरों में भीषण गर्मी से कोई न कोई बीमार पड़े हुए हैं। प्रखंड प्रसाशन व पंचायत अभी तक पीने के पानी का कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं निकाल पाए हैं। न ही टैकरों से पानी सप्लाई की जा रही है। बुंडू, तमाड़, अड़की, सोनाहातू, राहे और सिल्ली आदि में कमोवश पीने के पानी का यही हाल है। बुंडू में पिछले एक सप्ताह से पानी की किल्लत थी। अड़की प्रखंड में भी हालात खराब ही हैं। लोग साइकिल व बाइक में लादकर दूर-दूर से पीने का पानी ला रहे है। भीषण गर्मी के चलते जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिससे बोरिंग फेल हो गये हैं। रांची मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में मौसम 18 जून को दस्तक दे सकता है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग आसमान की और टकटकी निगाहों से देख रहे है कि बादल आयेगी और बारिश होगी।

एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य सब जुनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गणेश स्पोटिंग क्लब राय की एथलेटिक्स खिलाड़ी अनोखी कुमारी ने ट्राइलॉन इवेंट मे दूसरा स्थान प्राप्त कर खलारी-पिपरवार कोयलांचल का नाम रोशन किया है। ट्राइलॉन में एक खिलाड़ी को कूल तीन इवेंट करना होता है, जैसे 60 मीटर दौड़, स्टेंडिंग बोर्ड जम्प एवं ऊंची कूद। तीनो इवेंट में बेहतर प्रदर्शन करने पर अनोखी को दूसरा स्थान मिला है। वहीं, बालिका वर्ग मे 4400 मीटर रीले दौड़ में गणेश स्पोटिंग क्लब की पुनम कुमारी, दीपाली कुमारी, रानी कुमारी एवं संजु कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी 6 बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो को झारखंड सरकार एवं सीसीएल द्वारा पिछले कई वर्षो से निःशुल्क प्रशिक्षण, रहने के लिए होस्टल, खाने की सुविधा, खेल किट एवं 12वीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

महत्वपूर्ण न्यूज

दो दिवसीय झारखंड बंद का दूसरा दिन बेअसर

इचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और झारखंडी खतियानी संघर्ष समिति की ओर से 60/40 नियोजन नीति के विरोध में आहूत दो दिवसीय झारखंड बंद का दूसरा दिन रविवार को बेअसर रहा। सुबह पांच बजे ही पुलिस प्रशासन मिलन चौक पहुंच गई और पूरे दिन मिलन चौक क्षेत्र में गस्ती करते नजर आयी। सुबह बंद समर्थक मिलन चौक में कुछ दुकानों को बंद करवाए, और कुछ दुकानदार अपने मन से ही दिन भर दुकान को बंद रखे। हालांकि शाम को प्रतिदिन की तरह सब्जी बाजार और कुछ दुकान खुले और आम लोगों के जरूरत के समान मुहैया करवाए।

मंदिर प्रांगण में युवक ने की खुदकुशी की कोशिश

बुंडू (आजाद सिपाही)। नवरात्रि मंदिर प्रांगण में स्थित बरगद से पेड़ से लटक कर 38 वर्षीय एक युवक ने खुदकुशी की कोशिश की। उसकी पहचान मनोज मुंडा के रूप में हुई है। वह टीकर (ईचागढ़) थाना क्षेत्र के चिपड़ी ग्राम का रहने वाला था। हालांकि आसपास के लोगों की तत्परता से मनोज मुंडा को नीचे उतार कर बुंडू प्रशासन की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

दो लोगों के घरों में लगी आग, जले कीमती सामान

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अड़ेदारू गांव में रविवार को रामसेवक सिंह मुंडा और गांगू सिंह मुंडा के घर में आग लग जाने से फर्नीचर, साइकिल, कपड़ा, अनाज आदि जल गए। जिसकी कीमत लाखों रुपये बतायी जा रही है। पीड़ित रामसेवक सिंह मुंडा ने बताया कि दोपहर को वे दूसरे जगह सोये थे अचानक आग की चीख-पुकार होने लगी। दौड़कर आए तो देखा कि उसके ही घर में भीषण आग लगी है। तभी चारों तरफ से लोगो ने हाथ में पानी से भरी बाल्टी लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि लाख कोशिश के बावजूद घर को बचाया नहीं जा सका।

ट्रेन से कटकर हाथी के बच्चे की हुई मौत

ईचागढ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत चांडील मुरी रेल लाइन गुंडा विहार स्टेशन के आधा किलो मीटर दूर एक मालवाहक रेल गाड़ी के चपेट में आने से एक नवजात हाथी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुंडा गांव के जंगल में 13 हाथी कुछ दिन से डेरा डाले हुए है। रविवार तड़के तीन बजे रेल लाइन पार कर रहे थे. तभी ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई। उसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण, स्थानीय वन कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। वहीं, ग्रामीणा महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद वन विभाग और पुलिस प्रशासन की ओर से उसे दफना दिया गया।

खलारी चर्च में 18 बच्चों को ग्रहण कराया गया परम प्रसाद

खलारी (आजाद सिपाही)। खीस्त राजा चर्च खलारी में 18 बच्चों को पहला परम प्रसाद ग्रहण कराया गया। सर्वप्रथम खलारी पल्ली की महिला समुह द्वारा पारंपरिक नृत्य व मसीही गीत गाते हुए सभी बच्चों को चर्च में प्रवेश कराया। फादर हिलारियुस तिग्गा, फादर ऑस्कर टोप्पो व फादर अमृत कुजुर द्वारा मिस्सा पूजा कराया। इसके बाद सभी बच्चों को चंदन का टीका लगाया गया और पहला परम ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर फादर हिलारियुस तिग्गा व फादर ऑस्कर टोप्पो ने मसीही समुदाय के लोगों को अपने संदेश में बाइबिल में लिखी बातों को विस्तार से बताया। मौके पर मसीही समुदाय के युवाओं व महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पहला परम प्रसाद ग्रहण करने वालों में सोनाली कुजुर,अगुस्टिना तिर्की,ऐंजल निधि तिर्की,अंजु लकड़ा,खुशबु कुजुर,रितिसा तिर्की,अनुग्रहित तिग्गा,निशांत कुजूर, अंकित एक्का, रिया दिपीका, दीप टोप्पो, समीर लकड़ा, लुईस पन्ना, लोरेंस विलफेरेड मैथयुस, स्वाती अंजना पन्ना शामिल है। समारोह में सिस्टर लुसिया, सिस्टर नेली, डॉ ए कुजूर, जे अब्राहम, इन्नोसेंट कुजूर, प्रकाश कुजूर, रॉबिन एक्का, ज्ञान कुजूर, पारसनाथ उरांव, नरेश करमाली, सी कुजुर, एरिक कुजूर, पारसनाथ उरांव, प्रदीप कुजूर, सुनिता तिग्गा, तेरेसा तिग्गा, तेरेसा कुजूर, गाजा रूण्डा, नितीन कुजुर, उजाला लकड़ा सहित अन्य मसीही समुदाय के लोग शामिल हुए।

क्रिकेट टूर्नामेंट में हुअंगहातु की टीम बनी विजेता

खिलाड़ी सौहार्दपूर्ण वातावरण में क्रिकेट मैच में अपना योगदान दें : अशोक मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। हुवंगहातु पंचायत के हुवंगहातु गांव में रविवार को शंकर सिंह मुंडा के नेतृत्व में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कहा कि खिलाड़ी सौहार्दपूर्ण वातावरण में क्रिकेट मैच में अपना योगदान दें और खेल भावना से खेल को खेलें। कहा कि ऐसा आयोजन होने से खेल एकता का परिचय देता है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार हुवंगहातु ने प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में दोनों विजेता के कप्तान को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कप्तान धनंजय मुंडा को प्रथम पुरस्कार 10 हजार नगद एवं द्वितीय पुरस्कार ग्राम ककड़ा के कप्तान वीरेंद्र मुंडा को सात हजार नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

मौके पर समीर राय, गोरखनाथ सिंह, संदीप मंडल, तुलसी गोप, हरीश नाग, धनंजय मुंडा, एतवा मुंडा, सोहराई, उत्तम गोप, विकास मुंडा, प्रकाश मुंडा के साथ हजारों दर्शक मौजूद थे।

आजसू पार्टी ग्राम प्रभारियों की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। हेसातु पंचायत सचिवालय में रविवार के दिन आजसू पार्टी ग्राम प्रभारियों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में ग्राम प्रभारियों के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव राजेश पहान और संचालन राजकुमार बेदिया ने किया। बैठक में अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबों को पर्टी की मजबूती के लिए पार्टी के नीति और सिद्धांतों को पंचायत के प्रत्येक परीवार तक पहुंचाने का कार्य करना है। मौके पर गुलफाम आलम, वार्ड सदस्य नसीम अख्तर, लालमोहन, गोबिंद पहान, दुति बेदिया, सिटु पांडे एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

कर्रा की मेहा पंचायत में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरुकता अभियान

खूंटी (आजाद सिपाही)। झालसा, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन रविवार को कर्रा प्रखंड की मेंहां पंचायत में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा विषय पर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने मध्यस्थता पखवाड़ा के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि 29 मई से आरंभ यह कार्यक्रम 14 जून तक लगातार चलेगा। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नये मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से करा रहे हैं। डालसा सचिव ने लोगों से अपील की कि मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा अभियान में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने मामलों का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन कराएं। साथ ही की दूरी को मिटाएं और सुलभ न्याय प्राप्त करें। कार्यक्रम में डालसा के रीटेनर मुकुल कुमार पाठक, मिलन कुमार दास, पीएवी अंजू कच्छप, विशाल नाग, सुकरा तिर्की,जॉर्ज कॉन्सेंट धान, मार्शल कंडुलना पवन कुमार मिश्रा के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चिलचिलाती धूप की परवाह न कर बूंद-बूंद पानी बचाने की जद्दोजहद में जुटे ग्रामीण

खूंटी (आजाद सिपाही)। सामुदायिक प्रयास से खूंटी जिले में चल रहे जनशक्ति से जलशक्ति अभियान से जुड़कर गुरमी ग्रामसभा के लोग चिलचिलाती धूप की परवाह न कर बूंद-बूंद पानी बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। रविवार को अभियान के तहत गुरमी ग्रामसभा ने गजगांव और गुरमी गांव के बीच बहनेवाले नाले पर बोरी बांध का निर्माण किया। ग्रामीणों ने तपती धूप में पानी के लिए श्रमदान किया। ग्रामप्रधान सुनील कुमार मुंडा ने कहा कि गुरमी उपरटोली के लोगों के पानी की समस्या को खत्म करने के लिए बनई नदी पर चार जून को बोरी बांध बनाया गया था। नीचेटोली के लोग गजगांव नाले में नहाने और मवेशियों को पानी पिलाने आते हैं और नाले का पानी सूखने के कगार पर था। इस कारण ग्रामसभा की बैठक में निर्णय लेने के उपरांत रविवार को जिला प्रशासन व सेवा वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से नाले पर बोरीबांध बनाया गया। श्रमदान करने वालों में ूर्व मुखिया विलसन पूर्ति, ग्रामप्रधान सुनील मुंडा, जसुआ सोय, मनसिद्ध पूर्ति, धनमसीह सोय, कल्याण सोय, सुनील तोपनो, हरदुगन पूर्ति, ईश्वर दास सोय, अनुज सोय, निरल सोय अब्राहम सोय मुरूम, बसंत होरो आदि शामिल थे।

कार्यक्रम : सेवा भारती वैभवश्री का स्वावलंबन प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

जीवन में सफलता पाने के लिए व्यक्ति को मन में बैठे संकोच को निकालना होगा : गुरुशरण प्रसाद

राष्ट्रीय संयोजिका चंद्रिका चौहान ने वैभवश्री के माध्यम से सामाजिक सेवा कार्य, आदर्श ग्राम योजना पर बल दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। सेवा भारती वैभवश्री, झारखंड का दो दिवसीय कौशल विकास सह स्वावलंबन प्रशिक्षण वर्ग जोन्हा गुड़ीडिह स्थित सेवा धाम में रविवार को संपन्न हुआ। वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए व्यक्ति को मन में बैठे संकोच को निकालना होगा। कोई भी छोटा या बड़ा कार्य हो निसंकोच करना चाहिए। हमें ऊंच नीच की भावनाओं को हटाना है। अपना स्वभाव समरस बनाकर समाज में समरसता का वातावरण निर्मित करना है। सामाजिक कार्य के लिए थोड़ा समय निकाल कर अपने सामाजिक कर्तव्य का पालन कर सकते हैं। इस तरह से सेवा कार्य करते करते समाज में विश्वास पैदा होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती की सचिव व वैभवश्री की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती चंद्रिका चौहान ने वैभवश्री के माध्यम से सामाजिक सेवा कार्य, आदर्श ग्राम योजना पर बल दिया साथ ही उन्होंने छोटी पूंजी के माध्यम से छोटे छोटे रोजगार कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। मौके पर वैभवश्री आयाम के केन्द्रीय सह संयोजक ऋषभ सहाय ने बताया कि स्थानीय स्वयं सहायता समूह को वैभवश्री के नियम-पद्धति से संचालित किया जाएगा तो महिला आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक परिवर्तन होगा।

प्रशिक्षण वर्ग की वर्गाधिकारी में श्रीमती मंजूषा देशमुख ने वैभवश्री की महिला कार्यकर्ताओं की क्षमता विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षमता वृद्धि के लिए स्वयं में रुचि बढ़ाकर लक्ष्य निर्धारित कर शिखर पर पहुंचा जा सकता है। वर्ग में सहकार भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री लक्ष्मण पात्रा ने घरेलू लघु व्यवसाय की विधिवत व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण वर्ग में वैभवश्री के कार्य विस्तार को लेकर प्रांतीय टोली के 11 सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दो दिवसीय वैभवश्री स्वावलंबन प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के 9 जिलों से 57 प्रमुख महिला कार्यकर्ताओं की प्रतिनिधित्व रही।

बेड़ो के हरहंजी गांव में विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

कहा- ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं का हर संभव लाभ मिले इसके लिए वे सदैव प्रयासरत हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। गांव में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिए अस्पताल भवन को होना जरूरी है। उक्त बातें मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे रविवार को प्रखंड के हरहंजी गांव में एनआरईपी मद से पचपन लाख रुपए की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल निर्माण के बाद गांव के लोगों के साथ आसपास के लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों को अब गांव में ही इलाज की सुविधा मिलेगी। पंचायत के हर गांव में हर सुविधा बहाल हो। ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं का हरसंभव लाभ मिले। इसके लिए वे सदैव प्रयासरत हैं। उन्होंने विभाग के पदाधिकारी व संवेदक से कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करें। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन बनने से ग्रामीणों को चिकित्सा उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। वहीं मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, जगरनाथ भगत, मीर मुस्लिम संजय उरांव, सरोज लकड़ा, मनकु कुजूर, भीम गोप, केशव गोप, अभिमन्यु कुमार, विवेक जय प्रसाद व आवेन साह आदि मौजूद थे।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरों ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

पिठोरिया। अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरो के तत्वावधान में रविवार को ईदगाह में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रीक व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षाविद् परवेज आलम के द्वारा मैट्रीक में 89.6 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा नाजीया परवीन और इंटर साइंस में 84.6 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र जैद मोहम्मद को 11-11 सौ रुपए देकर सम्मानित किया।

वहीं अली ईमाम अंसारी ने भी नाजीया परवीन को एक हजार रुपए देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अब्दुल मजीद अंसारी ने कहा मेघावी छात्रों को सम्मानित करने से छात्र जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता, शिक्षित समाज ही देश को प्रगति का रास्ता दिखाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि मुस्लिम समाज में शिक्षा जागरुकता के लिए सतत अभियान चलाया जाए। वहीं शिक्षाविद् परवेज आलम ने कहा कि किसी भी छात्र की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सम्मान समारोह मील का पत्थर साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश बच्चे मैट्रीक और इंटर के बाद ड्राप आउट करते हैं। बुद्धिजीवियों की जिम्मेदारी बनती है कि उनकी समस्याओं को समझकर उन्हें ड्रॉप आउट होने से रोकें। यूथ कमेटी के सदर अफरोज आलम ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को अपने दीन और ईमान की मुकम्मल जानकारी रखना चाहिए। अभिभावकों का दायित्व बनता है कि अपने बच्चों को मजहब के प्रति जागरुक बनाएं और अच्छे संस्कार दें। इस्लाम की रोशनी में उन्हें अपने मंजिल के रास्ते से कभी भटकने नहीं देगी। इसके अलावा सेक्रेट्री तबारक हुसैन, स्टेट टैक्स ऑफिसर फिरोज आलम, मुखिया उज्जवल पहान, मास्टर अब्दुल हसीब, मेराज अहमद, अलीईमाम अंसारी, जावेद अख्तर ने विचार रखे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मौलाना साबीर हुसैन इस्लाही, मोहम्मद अजहर, इम्तियाज अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, वशीम अंसारी, मिनहाज अंसारी, इमरान अंसारी सहित अन्य की सक्रिय भूमिका रही।

जलसंकट का समाधान : गांव में बनने वाली सबसे बड़ी जलमिनार शिलान्यास के तीन साल बाद भी है आधी अधूरी

चुआं में पानी का जल स्तर पहुंचाने को ग्रामीण श्रमदान कर बनाने में जुटे

चुआं बनाने के लिए ग्रामीणों ने चंदा कर पत्थर, सीमेंट व बालू खरीदे

गांव के चार छोटे जलमिनार में तीन है खराब

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के 120 परिवार वाला पोला गांव में पीने की पानी की समस्या से निजात पाने और गांव के बड़ा तालाब के समीप मौजूद धार्मिक चुंआ में जल स्तर को पहुंचाने के लिए गांव के दर्जनों महिला पुरुषों ने सहयोग कर पहले पत्थर, बालू व सीमेंट खरीदे व श्रमदान कर चुआं में पानी का जल स्तर पहुंचाने को नीचे में गार्डवाल बनाने में जुटे हैं। इस तरह बनाने का ग्रामीणों का तर्क है कि चुआं तालाब के ऊपर होने के कारण पानी नीचे तालाब की ओर खींचा चला जाता है। जिस कारण चुआं व तालाब के बीच गार्ड वाल बनाया जा रहा है। ऐसा करने से चुआं में पानी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसी चुआं से ग्रामीण शादी ब्याह व अन्य सामाजिक कार्यों में पानी का उपयोग करते हैं।

ग्राम सभा अध्यक्ष भीमा उरांव, वार्ड सदस्य पोड़हा उरांव समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि इसे बनाने के लिए कई बार ग्राम सभा कर आवेदन दिया गया था, पर न ही अधिकारी व न ही जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान दिया।

गांव में चार छोटे सोलर जलमिनार में तीन हैं खराब : ग्रामीणों ने बताया कि 120 घर वाले इस गांव में चार छोटे जलमीनार बने थे। जिसमें से अभी तीन खराब हैं। एक जलमिनार इतने बड़े गांव के लिए नाकाफी साबित हो रही है।

शिलान्यास के तीन साल बाद भी अधूरी पड़ी है बड़ी जलमिनार : ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सबसे बड़ी जल मीनार बनाने की योजना का शिलान्यास तीन साल पूर्व हुआ था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज तक आधी अधूरी है। यदि इस जल मीनार का निर्माण हो जाता तो पूरे गांव की जल समस्या का समाधान हो जाता। हालांकि गांव में एक बड़ा तालाब होने के कारण नहाने धोने के लिए पानी की समस्या नहीं होती है लेकिन स्वच्छ पानी पीने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौके पर भीखु महली, विश्वनाथ मसली, भैरो उरांव, करमा महली, राजेंद्र उरांव, सुकरा उरांव बुधू उरांव, गंदरु उरांव, राजू महली, सुखदेव मुंडा समेत दर्जनों लोग श्रमदान कर बनाने में जुटे हैं।

महत्वपूर्ण न्यूज

लापुंग के दानेकेरा बगीचा में 13 जून को सरना सनातन धर्म सम्मेलन का आयोजन

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापूग प्रखंड के दानेकेरा बगीचा में 13 जून को 10:00 बजे दिन से विश्व हिंदू परिषद वह बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में सरना सनातन धर्म रक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि व वक्ता विहीप प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ,विशिष्ट अतिथि समाजसेवी किशोर साहू, विहीप खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ,रांची जिला जनजाति सुरक्षा मंच अध्यक्ष जगन्नाथ भगत प्रखंड होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज गलगली धाम स्थित आश्रम में एक बैठक किया गया। इस बैठक में सरना और सनातन धर्म को कैसे बचाया जाए साथ ही जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निश्चय लिया गया। कार्यक्रम में सरना सनातन धर्म रक्षा, गौ, ब्राह्मण, मातृभूमि की रक्षाभव लव जिहाद से बचने का संकल्प भी लेना होगा। विहीप लापुंग अध्यक्ष वैध बंधन सिंह खेरवार , रामप्रसाद साहू, नन्दलाल साहू, बैजनाथ भगत, धनन्जय उरांव, पवन गोप, जगरनाथ उराँव के साथ 13 जून को सरना सनातन धर्म सम्मेलन की सफलता पर चर्चा किया गया।

छात्र हित में 18 जून तक के लिए कक्षा स्थगित रखी जाये : सतीश बड़ाईक

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। झारखंड में मानसून देर से आने के कारण प्रचंड गर्मी पड़ने से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसका असर सरकारी स्कूलों के बच्चों पर भी पड़ रहा है। ग्रीष्मावकाश के बाद 5 जून से रांची जिले के सभी सरकारी विद्यालय खोल दिये गये हैं। जिससे इस भीषण गर्मी में बच्चों का हाल बेहाल है। सबसे ज्यादा परेशानी उन बच्चों को हो रही है, जिनका घर विद्यालय से दूरी पर है और विद्यालय आने-जाने के क्रम में इस तपती धूप में बच्चे लू की चपेट में आ रहे हैं। कई बच्चे लू लगने से बीमार हो रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड के शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व ग्राम प्रधान सतीश बड़ाईक ने कहा कि भीषण गर्मी से बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए दिन बच्चों को लू लगने की खबर आ रही है। विभाग से मांग करते हुए सतीश बड़ाईक ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी को देखते हुए प्रखंड के सभी विद्यालयों की छुट्टी 18 जून तक की जाये।

घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा ऑटो की चोरी

चान्हो (आजाद सिपाही)। सोंस में घर के बाहर खड़ा टेम्पो रात को अज्ञात चोरों ने उड़ा लिया। सुबह टेम्पो मालिक दीपक साहू ने जब दरवाजा खोला तो टेम्पो गायब पाया। खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चला। टेम्पो का नम्बर जेएच 01 डीएल 6552 है टेम्पो मालिक दीपक साहू ने इसकी सूचना तत्काल थाना को दी है। एनएच-75 मुख्य मार्ग पर इस तरह की चोरी से पुलिस की गश्ती पर सवाल उठ रहे हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि रात भर बिजी रहने वाली सड़क पर भी इस तरह की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। बीते कुछ दिन पूर्व भी इसी गांव से दिनदहाड़े पिकअप वैन की चोरी कर ली गई थी।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की हातमा ठोकर के पास अपनी मोटरसाईकिल से गिरकर कमरुण खातून 45 वर्षीय चौली उल्हातु पिठोरिया निवासी घायल हो गई। ग्रामीणों द्वारा उन्हें मांडर स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। सूचना के अनुसार कमरुन खातून अपने बेटा से बाइक में शादी का कार्ड बांटने मांडर की ओर आ रही थी। इस दौरान बड़की हातमा के पास कमरुन खातून को चक्कर आने से वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। घटना लगभग सुबह 8:00 बजे की बताया जाती है। वहीं दूसरी घटना मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राम्बे में सरना चौक के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भीमसेंट उरांव 32 वर्षीय बसकी निवासी घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। सूचना के अनुसार भीमसेंट उरांव अपने घर से साइकिल लेकर ब्राम्बे सरना चौक आ रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। घटना लगभग सुबह 11:00 बजे की बताया जाती है। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामबालक ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा।

रातू में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं पर शिकंजा करते हुये रविवार की सुबह डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टरों को रातू काठीटांड़ से जब्त किया। कार्रवाई होते देख दर्जन भर से अधिक ट्रैक्टर वाहन लेकर फरार हो गये। जब्त दोनों ट्रैक्टर बिना नंबर के हैं। डीएसपी प्रवीण कुमार ने जब ट्रैक्टर ड्राइवर से बालू खनन से संबंधित व गाड़ी की कागजात की मांग की गई तो ड्राइवर कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त वाहनों की जानकारी खनन विभाग व डीटीओ के अधिकारियों को दे दी गयी है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बालू माफियाओ में खलबली मच गयी है।

दर्जनों फाइनेंस कंपनी से ऋण लेकर महिला हुई फरार, थाने में मामला दर्ज

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुका की एक महिला पर लाखों रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगा है। ललिता देवी पति जितेंद्र यादव पर विभिन्न समूह से ऋण निकलवाकर लाखों रुपए गबन कर फरार होने की शिकायद अन्य महिलाओं ने स्थानीय थाना में कर करवाई की मांग की है। आवेदन में जिक्र किया गया है कि ललिता देवी ने फर्जी आधार कार्ड और फोटो लगाकर लोन ली थी। लोन लेने की बाद कुछ दिनों तक ऋण चुकाती रही लेकिन जब ललिता देवी का लोन नहीं भराने लगा तो अन्य महिलाएं घर पर जाकर देखा तो ललिता देवी घर से कुछ दिन पहले ही फरार हो गई थी। लोन कंपनी प्रभात फाइनेंस, उत्कर्ष फाइनेंस, बंधन फाइनेंस, स्वतन्त्र फाइनेंस सहित लगभग डेढ़ दर्जन फाइनेंस से ऋण लेकर फरार हो गई है। उपस्थित रीना देवी, रानू देवी, कुशुम देवी, संगीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, लीलावती देवी, कुमारी देवी, मीरा देवी, लिलम देवी, रानी देवी, बिमला देवी, सोभा देवी, शीला देवी, सुनीता देवि, सिलवंती देवी, मीना देवी, चिन्ता देवी, जयंती देवी, आरती देवी, अनीता देवी, गिरजा देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी आदि महिलाओं ने थाना में आवेदन देकर उक्त महिला की खोजबीन कर जांचोपरांत न्याय की मांग की है।

कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां और झारखंड सरकार की खामियां बताने का निर्देश

सेवा, सुशासन और कल्याण को समर्पित रहे मोदी सरकार के नौ साल : दीपक प्रकाश

लोगों से किया अपना हर वादा भूल चुकी है झारखंड सरका: रविंद्र राय

जनता ने जो विश्वास कर प्रतिनिधि बनाया उस पर मैं खरा उतरने का हरसंभव कर रहा प्रयास : सांसद

केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हर कार्यकर्ता की : गणेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

मंच पर उपस्थित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सांसद, पूर्व सांसद व अन्य।

मेदिनीनगर। भाजपा सरकार की ओर से जनहित में किए गए कल्याणकारी योजनाओं को लेकर शिवाजी मैदान में रविवार को जनसभा आयोजित की गयी। अपने संबोधन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। देश के हर क्षेत्र में विकास एवं जन कल्याण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। पिछली सरकारों में घोटाले पर घोटाले हुआ करते थे पर आज मोदी सरकार में ईमानदारी जवाबदेही के साथ कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों के साथ विश्व स्तर पर पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा हुआ है। देश के विकास के लिए आधारभूत संरचनाएं के साथ बड़ी-बड़ी महत्वकांक्षी योजनाएं चल रहे हैं। गरीब महिला आदिवासी दलितों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाए जा रहे हैं। झारखंड की निकम्मी सरकार राज्य को लूटने में व्यस्त है। लगातार गिरती विधि व्यवस्था से लेकर महिला उत्पीड़न की घटना झारखंड में रोज घटती है। आमजन सुरक्षित नहीं है। आने वाले 2024 में इस सरकार को उखाड़ फेंकना है और भाजपा की डबल इंजन की सरकार राज्य व केंद्र में बनानी है। वहीं, पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि 2014 से 2019 तक जनता ने जो मुझ पर विश्वास कर प्रतिनिधि बनाया उनके विश्वास पर मैं खरा उतरने का हरसंभव लगातार प्रयास कर रहा हूं। मेदिनीनगर क्षेत्र की प्रमुख समस्या पानी पाइपलाइन सप्लाई करने के लिए राशि की व्यवस्था की गई पर राज्य सरकार की कमीशनखोर नीति के कारण अधर में है। राज्य की हेमंत सरकार में ब्लॉक से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से पलामू एवं गढ़वा में बिजली सप्लाई के लिए सोलर प्लांट की स्वीकृति मिली है पर आज तक उसके लिए जमीन ही राज्य सरकार ने उपलब्ध नहीं कराई है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान केंद्रीय एवं नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय का निर्माण कराया गया है। मंडल डैम का जीर्णोद्धार कार्य जिसमें पलामू एवं गढ़वा जिले के 15 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होना है। मंडल भाग दो का कार्य अंतिम चरण में है। पर मंडल मुख्य डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारंभ होगा। गढ़वा बाईपास एनएच 75 एनएच 98 सहित कई प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य जारी है। सोन नदी पर श्रीनगर पांडुका के बीच पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र राय ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने लोगों से जो वादा किया वह अभी तक पूरा नहीं किया। आने वाला समय 2024 में झारखंड की जनता उनको सबक जरूर सिखाएगी। मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल है। उनकी उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना है। मोदी सरकार की सैकड़ों जनहित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाना ही भाजपा का प्रमुख लक्ष्य है। मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 60 सालों में कांग्रेस ने देश को सिर्फ लूटा है। आज मोदी सरकार देश की संस्कृति,गरिमा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, महा जनसंपर्क अभियान के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने का काम हर एक कार्यकर्ता की है। 20 से 30 जून तक बूथ स्तरीय घर-घर संपर्क के दौरान जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच बताना है। विपक्ष द्वारा मोदी जी को बदनाम करने के लिए किस प्रकार का प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है इसको भी आमजन के बीच बताना है।

सभा को इन लोगों ने भी किया संबोधित

जनसभा को विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, श्याम नारायण दूबे, जिलाध्यक्ष विजय आनंद पाठक, ओमप्रकाश केसरी एवं अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा और धन्यवाद ज्ञापन विभाकर पांडे ने किया।

इस दौरान मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, मनोज सिंह, विनय जायसवाल, अमित सिंह, प्रफुल्ल सिंह, अविनाश वर्मा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, विपिन सिंह, नरेंद्र पांडे, मंगल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, जवाहर चंद्रवंशी, शिवधारी राम, डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कर्नल संजय सिंह, टिकैत चौबे, अमित तिवारी, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, संटू सिंह, रविंद्र सिंह, अविनाश सिंह छोटू, सुनील तिवारी, विजय पाठक, सुशील सिंह, संजय गुप्ता, आलख दुबे, मनोरंजन दुबे, आनंद सिंह, नंदलाल गुप्ता, बंसी सिंह, सरवन गुप्ता, सीटू गुप्ता, रूपा सिंह, किशोर पाण्डेय, लवली गुप्ता सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मनरेगा में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और बीपीओ को डीसी ने लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में रविवार को विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें डीसी ने मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, पंचायत सचिवालय, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, पेयजल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण अंतर्गत पंचायत स्तरीय दवा दुकान, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय सहित राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। डीसी ने मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और बीपीओ को फटकार भी लगाई। उन्होंने ने सभी बीडीओ को वीर शहीद पोटो हो योजना, आंगनबाड़ी बिल्डिंग भवनों के निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना को तीन दिन में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह हर गांव में 5 योजना चालू रखने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी बीडीओ को पीएम आवास योजना में सभी प्रखंडो में 90 फीसदी योजना पूर्ण करने और तीसरा किस्त रिलीज करने का निर्देश दिया। डीसी ने प्री- मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक के वैसे बच्चे जो छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं, उन्हें छात्रवृत्ति देने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। मॉडल आंगनबाड़ी योजना में कितनी योजना चालू है और कितनी चालू नहीं है, संबंधित पदाधिकारी को इसकी रिपोर्ट देने और शत प्रतिशत योजना चालू करने का निर्देश दिया। केसीसी योजना की लंबित मामलों की रिपोर्ट देने और इ केवाईसी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुधन योजना की प्रगति की पिछले दो वर्ष की रिपोर्ट देने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। लगे हाथ डीएमएफटी के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति पर जोर देने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, सभी एसडीओ, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, बीडीओ आदि थे।

एनसीपी की 25 वीं वर्षगांठ पर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह ने दी कार्यकर्ताओं को बधाई

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस की 25वीं वर्षगांठ पर पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। साथ ही पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल व पार्टी की तेज तर्रार नेता सांसद सुप्रिया सुले को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर उन्होंने इस निर्णय का स्वागत किया है। लगे हाथ दोनों नेताओं को फोन कर बधाई भी दी है। उन्होंने कहा कि शरद पवार पार्टी के सर्वमान्य नेता थे, हैं और रहेंगे। उनका मार्गदर्शन पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि नव मनोनित कार्यकारी अध्यक्षों के मार्गदर्शन में झारखंड राज्य में भी संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने झारखंड के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की जल्द ही बैठक आयोजित कर नई दिशा देने के लिए रणनीति बनाए जाने की जानकारी दी।

अवैध खनन, ओवरलोडिंग व प्रदूषण की करें नियमित जांच : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में अवैध खनन, खनिज की ओवरलोडिंग एवं प्रदूषण पर नियंत्रण आवश्यक है। नियमित रूप से अभियान चलाकर अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं प्रदूषण की जांच करें और गलत पाये जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। हाईवा आदि वाहनों में डाला को उंचा कर अतिरिक्त डाला लगाते हुए निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज की ढुलाई करने वाले वाहन एवं लीज एरिया से हटकर अवैध रूप से खनन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करें। उक्त बातें पलामू के डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने कही। वे रविवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध खनन, खनिज की परिवहन एवं प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीएमओ को एनजीटी के निर्देशो का सख्ती से अनुपालन करवाने की बात कही। इसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी को भी सहयोग करने की बातें कही। उधर, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने इसके पूर्व की बैठक के बाद अब तक अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित रिपोर्ट एवं बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 15 मई से 8 जून तक खनिज लदे कुल 3486 वाहनों की जांच की गयी जिसमें 46 वाहनों पर कार्रवाई की गयी। बैठक में डीसी के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर राजेश साह, अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर एनपी गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद कमलेश्वर नारायण, डीएसपी सुरजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

रिमझिम वीआइपी सिटी प्रोजेक्ट का हुआ प्रीलांच

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नीडोफास्ट टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट की ओर से रिमझिम वीआइपी सिटी का प्रिलांच कार्यक्रम हुसैनाबाद शहर के रुद्रा होटल में संपन्न हुआ। नीडोफास्ट कम्पनी के निदेशक राजशेखर मंडल और मो जीशान रजा ने बताया कि अर्से से सबसे बढ़िया एवं सबसे सुरक्षित निवेश रियल एस्टेट (भूमि खरीद) समझा जाता है। बताया कि राजधानी रांची की हृदयस्थली कांके के सुकुरहुटू ग्राम में रिमझिम वीआइपी सिटी विकसित किया जा रहा है। लोग इस प्रोजेक्ट में निवेश (प्लॉट खरीद) कर राजधानी में बसने का सपना पूरा कर सकते हैं। कंपनी के निदेशक जीशान रजा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में निवेश करने वालों को चार साल में निश्चित रूप से दोगुना रिटर्न दिया जाएगा। इस अवसर पर 15 लोगों को निवेश का प्रमाण पत्र भी दिया गया। अगला कार्यक्रम 18 जून को हरिहरगंज में आयोजित होगा। मौके पर मो जुबैर अंसारी, मीशम रिजवी, इसरार अहमद, कादिर अंसारी, शरफूद्दीन अंसारी, मेराज खान, एहतेशाम अहमद, अली हसन, कौसर जमाल,राशिद फैजी, डाक्टर जुबैर, टीपू प्रमोद कुमार और सोनू पटेल आदि मौजूद थे।

स्कूलों में बढ़ायी गयी गर्मी की छुट्टी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने राज्य में अत्याधिक गर्मी व लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय 12 से 14 जून तक बंद रखने का निर्देश जारी किया है। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के लिए अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जाएगा।

सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया लालू यादव का जन्मदिन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्मदिन रविवार को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव के सोरडिहा स्थित आवास पर जन्मदिन समारोह आयोजित किया जहां कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राजद अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। सतेंद्र यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा गरीब गुरबो की आवाज को बुलंद किया है। राजद नगर अध्यक्ष सिराजूदीन अंसारी ने कहा कि लालू यादव सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई के महान योद्धा हैं। वरीय राजद नेता रमेश चौबे ने कहा कि लालू प्रसाद यादव पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा हैं। मौके पर राजेंद्र यादव, वीरेंद्र चंद्रवंशी, राकेश यादव, नरेश यादव, जैनुल अंसारी, जस्मुदीन अंसारी, डॉ इलहाक अंसारी, बिहारी साव, गुड्डु विश्वकर्मा, मुंद्रिका बैठा, उदय यादव, बालेश्वर मेहता, लालमुनी यादव रामावतार यादव आदि थे।

लालू प्रसाद देश-दुनिया में सामाजिक सद्भावना के प्रतीक हैं : संजय यादव

राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने समारोह पूर्वक मनाया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्म दिन मनाते राजद के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य

हुसैनाबाद। शहर के पुरंदर बीघा स्थित राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के फार्म हाउस परिसर में रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिवस सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन को समारोह पूर्वक मनाया। संजय यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव देश-दुनिया में सामाजिक सद्भावना के प्रतीक हैं। वे हमेशा गरीब-गुरबा व निचले तबके के लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहे हैं। लालू प्रसाद यादव हमेशा से यह चाहते रहे हैं कि समाज के निचले पायदान के लोग आगे बढ़े और सम्मान की जिंदगी जिए। अपने हक-अधिकार की लड़ाई खुद लड़ें। लेकिन आज भी समाज का गरीब तबका अपने अधिकार से वंचित है। इसलिए उसे जागरूक होना जरूरी है। इस मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, जाकिर अली उर्फ राज अली, विनय कुमार सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष कामख्या नरायन सिंह, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन बैठा, प्रदेश सचिव युवा राजद राणा प्रताप यादव, मंडल अध्यक्ष खुर्सिद खान, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, रिजवान खान, मुखिया पति राम लखन यादव, अशोक यादव, सुरेंद्र चौधरी, लल्लू पासवान, राजेश्वर, राजू शर्मा, राजवंश यादव, सतेंद्र पाल, गुड्डु चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। वहीं, नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने भी अपने आवास परिसर में केक काटकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाया।

स्पोर्ट्स



लंदन के द ओवल मैदान पर खेले गए डब्ल्यूटीसी का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों के अंतर से हराकर जीत लिया। इसके साथ ही आइसीसी की सभी ट्राफी जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।

टीम इंडिया लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच हारी

आइसीसी की सभी ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बनी ऑस्ट्रेलिया, भारत को 209 रनों से हराया

एजेंसी

लंदन। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की दूसरी पारी रविवार को 234 रन पर समेट दी। इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल 209 रन के विशाल अंतर से जीत लिया। दूसरी पारी में भारत का कोई बल्लेबाज 50 से अधिक का स्कोर नहीं कर सका। विराट कोहली (49 रन) टॉप स्कोरर रहे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया आइसीसी की सभी ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। वहीं, भारत को लगातार दूसरी बार टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही भारत के आइसीसी ट्रॉफी जीतने का सूखा बरकरार है। टीम इंडिया पिछले 10 वर्षों में कोई आइसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। साल 2013 में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। बतातें चलें कि लंदन के द ओवल मैदान पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रेविस हेड ने 163 और स्टीव स्मिथ ने 121 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 296 रन ही बना पाई। अजिंक्य रहाणे के 89, शार्दुल ठाकुर के 51 और रवींद्र जडेजा के 48 रनों ने भारतीय टीम को फॉलोऑन से बचाया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 270 रन बनाकर घोषित की। एलेक्स कैरी ने नाबाद 66 रन बनाए। पैट कमिंस और मार्नस लाबुशेन ने 41-41 रन बनाए। मैच की चौथी पारी में भारत के सामने 444 रन का लक्ष्य था। इसके जवाब में भारतीय टीम 234 रन पर ही सिमट गई। सबसे ज्यादा 49 रन विराट कोहली ने बनाए। अजिंक्य रहाणे ने 46 और रोहित ने 43 रन का योगदान दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया फाइनल मैच 209 रन से हार गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने चार, पैट कमिंस ने चार, स्कॉट बोलैंड ने पांच विकेट, कैमरून ग्रीन ने दो विकेट और नाथन लियोन ने पांच विकेट लिए। वहीं, भारत के लिए मोहम्मद शमी ने चार, मोहम्मद सिराज ने पांच, उमेश यादव ने दो, शार्दुल ठाकुर ने दो और रवींद्र जडेजा ने चार विकेट लिए।

झारखंड तलवारबाजी संघ का तीन दिवसीय समर कैंप मोरहाबादी में आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड तलवारबाजी संघ की ओर से मोराबादी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन रविवार को हुआ। जिसमें झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद, महासचिव जयकुमार सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष कर्मवीर उराव उपस्थित थे। तलवारबाजी संघ के कोच रामाशीष सिंह एवं प्रेम उदय बैक ने खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया। शिविर में 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया एवं खेल के नए नियमों से अवगत हुए। झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने बताया कि तलवारबाजी विश्व के प्राचीनतम खेलों में से एक है और ओलंपिक खेलों में दूसरा ऐसा खेल है जिसमे सबसे ज्यादा मेडल दिये जाते हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया की इस तरह का शिविर लगता रहेगा। इस केंद्र सभी तरह के आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी 7766 900394, 8102222853 व 8002857024 संपर्क करें।

भाजपा की जनसभा में बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में गरजी सिंह मेंशन की बहू

आपका थोड़ा साथ मिले तो अपराधियों को बेनकाब कर प्रतिदिन सड़कों पर घुमाऊंगी : रागिनी सिंह

कहा- मैं लाखों लोगों की रक्षा करने वाले स्व सूर्यदेव सिंह की बहू हूं, किसी से डरूंगी नहीं

शब्बीर हुसैन

धनबाद (आजाद सिपाही)। माइंस रेस्क्यू मैदान में रविवार को आयोजित भाजपा की जनसभा में रागिनी सिंह का अलग ही अंदाज देखने को मिला। अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए अपने विरोधियों पर खूब निशाना साधा। वहीं, पार्टी के वरीय नेताओं से खुले मंच से साथ मांगते हुए उन्हें कम आंकने वाले नेताओं को करारा जवाब दिया। रागिनी सिंह के भाषण के दौरान मंचासीन नेता से लेकर कार्यकर्ता भी उनकी तारीफ करते दिखे। अपने संबोधन

भाजपा की सभा में संबोधित करतीं नेत्री रागिनी सिंह।

के दौरान रागिनी सिंह ने जिस तरह से अपनी परिपक्वता का परिचय दिया उससे साफ था कि सिंह मेंशन की यह बहू अब राजनीतिक की मझी हुई खिलाड़ी बन गयी है। बिना नाम लिए अपने विरोधियों पर बरसते हुए रागिनी सिंह ने मंचासीन नेताओं से कहा कि आप अगर थोड़ा साथ दें, तो धनबाद में आतंक फैलाने वाले अपराधियों को संरक्षण करने वालों को बेनकाब कर दूंगी। सबूत के साथ व्यपारियों को सामने लाकर आपके पास बैठा कर वैसे लोगों के खिलाफ सुबूत दूंगी।

मेरे कार्यकर्ताओं की हत्या हो रही, दबंग नशे में मासूम दंपती को गाड़ियों से रौंद रहे हैं

रागिनी सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के सामने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष की हत्या हो रही है आरोपी खुलेआम घूम रहे है। दबंग घराने के लोग शराब के नशे में अपनी गाड़ी से मासूम दंपति को रौंद रहे है। फिर भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सिंदरी डीएसपी को अपने निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास अगर कोई कोयला चोरी की अनुमति लेने जाता है तो वह सिधा धैया स्थित बंगला भेज देते हैं।

मैंने अकेले धमकाने वाले अपराधी को चुनैती दी

रागिनी सिंह ने कहा कि मुझे भी धमकी मिली है। मैं लाखों लोगों की रक्षा करने वाले स्व सूर्यदेव सिंह की बहू हूं। सिंह मेंशन की बहू हूं, मैं डरने वाली नहीं। कहा कि अगर मैं चाहूं तो हजारों व्यक्तियों को नचा सकती हूं।

धनबाद में बढ़ते अपराध के खिलाफ आखिर चुप्पी क्यों

अपने संबोधन के दौरान रागिनी सिंह ने व्यपारियों की व्यथा सुनाते हुए कहा कि लोग हमसे आकर पूछते हैं कि धनबाद में बढ़ते अपराध के खिलाफ भाजपा क्यों कुछ नहीं करती। मैं आप सभी से पूछती हूं कि हम क्यों कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में अपराध चरम पर है। कोयला चोरी, हत्या, रंगदारी जैसी घटनाएं आम बात हो गयी हैं। अपराधियों को पुलिस का मौन समर्थन मिल रहा है।

मैथन डैम में डूबने से केवी के छात्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। मैथन केंद्रीय विद्यालय 11वीं के छात्र की रविवार की सुबह मैथन डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान विशाल बरनवाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मैथन मोड़ निवासी विशाल प्रतिदिन दौड़ने के लिए मैथन डैम आया करता था। रविवार को भी सुबह मैथन डैम आया था। अपने मित्र दीपक के साथ विशाल मैथन डैम में स्नान करने उतरा था, तभी विशाल का पैर कीचड़ में फंस कर अंदर की ओर चला गया और वह डूब गया। जबकि दीपक तैरता हुआ बाहर निकला और शोर मचाते हुए विशाल के डूबने की सूचना आसपास के लोगों और उनके परिजनों को दी। उसके बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं, गोताखोरों ने ढाई घंटे तक डैम में खोजबीन की और अथक प्रयास के बाद विशाल को पानी से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मैथन पुलिस और विशाल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। दूसरी ओर, विशाल के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से परिवार के अलावा क्षेत्र के लोगों में भी मातम छाया हुआ है।

ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, क्षेत्र में अंधेरा

कतरास (आजाद सिपाही)। डुमरा हॉस्पिटल कॉलोनी में बीसीसीएल की ओर से लगाए गए 250 केवी के दो ट्रांसफार्मर के जल जाने से डुमरा सहित आस पास क्षेत्र में शनिवार देर शाम से समाचार लिखे जाने तक ब्लैक आउट है। उधर, ट्रांसफार्मर में अगलगी की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दोनों ट्रांसफार्मर व केबल पूरी तरह जल चुके थे। स्थानीय लोगों की मानें तो अत्यधिक लोड हो जाने के कारण आग लगी। बिजली के नहीं रहने से क्षेत्रीय अस्पताल में इलाजरत मरीजों के साथ ही लगभग छह हजार की आबादी भीषण गर्मी में परेशान होने को मजबूर है। हालांकि रविवार अहले सुबह से कर्मी क्षेत्र में विद्युत बहाल किये जाने को लेकर युद्धस्तर से जुट गए हैं। इस मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जले दोनों ट्रांसफार्मर के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित कर बिजली बहाल किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। शुरूआत में आधे क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति कर ट्रायल किया जाएगा। उसके बाद ही अन्य क्षेत्रों में सुचारु रुप से बिजली दी जाएगी। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण हॉस्पिटल कॉलोनी, क्षेत्रीय अस्पताल, हरिणा बाजार, हरिणा कॉलोनी, भीमकनाली, डुमरा सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों के बीच पेयजल सहित अन्य समस्या उत्पन्न हो गयी है।

जगह-जगह सभा कर केंद्र की बड़ाई व लोगों को दिग्भ्रमित कर रही है भाजपा : संतोष सिंह

धनबाद के सांसद से पूछे 5 सवाल, कहा- एम्स, एयरपोर्ट चला गया अपने क्या किया

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झरिया माइंस रेस्क्यू मैदान में आयोजित भाजपा की सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने जनता को दिग्भ्रमित और गुमराह करने वाला सभा बताया। उन्होंने सांसद से पांच प्रश्न करते हुए कहा कि इन प्रश्नों का जवाब धनबाद की जनता जानना चाहती हैं। धनबाद खनिज संपदा में देश में अपना स्थान रखती है। आईआईटी (आईएसएम) जैसे

संस्थान होने के बावजूद एयरपोर्ट क्यूं नहीं। धनबाद से एम्स और एयरपोर्ट छीन सांसद ने क्या किया वे ही बताएं। सांसद द्वारा गोद लिय गांव का नाम और वर्तमान स्थिति क्या है। आज तक धनबाद से दिल्ली तक की एक भी ट्रेन अभी तक नहीं है। आउटसोर्सिंग परियोजनाओं से उड़ने वाले धूल और उससे होने वाले प्रदूषण नियंत्रण की मांग आज तक क्यूं नहीं की, जबकि धनबाद में टीबी, अस्थमा, कैंसर जैसी बीमारी का औसतन अनुपात लगातार बढ़ते रहे हैं। संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद के सांसद पीएन सिंह इस जनसभा में नौ साल की नाकामयाबी गिनाने का काम करते तो अच्छा होता। धनबाद मे अपराध कि कुछ घटनाए घटी है मगर अपराध और अपराधियों कि बात भाजपा के मुंह से अच्छा नहीं लगता है। जिस घर कि बुनियाद अपराध के बल पर बनी हो उस परिवार को अपराध पर सवाल उठाने का हक नहीं है। बाबूलाल मरांडी जब झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री थे तो माफियाओ के खिलाफ कार्रवाई कर अलग पहचान बनाए थे। अब समीकरण बदल गया है। अब बाबूलाल मरांडी माफियाओ के चारागाह में शरण लेकर सिद्धांत को तिलांजलि दे दिए हैं।

एनएसयूआइ की बैठक में सैकड़ों छात्रों ने ली सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद परिसदन में रविवार को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी की उपस्थिति और नवाजिश अफजल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें एनएसयूआई के कार्यों से प्रभावित होकर सैकड़ों छात्रों ने एनएसयूआई का दामन थामते हुए सदस्यता ग्रहण की। छात्रों ने संगठन में विश्वास जताते हुए बताया कि उन्हें एनएसयूआई के साथ मिलकर छात्र हित में कार्य करना है। वहीं, सदस्यता ग्रहण करने वालों में कोयलांचल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग, राजनीति विभाग, मास कम्युनिकेशन, पीके रॉय कॉलेज, आरएसपी कॉलेज, आरएस मोर कॉलेज, राजगंज कॉलेज आदि के सैकड़ों छात्र थामिल थे। इनमें जहीर आलम, जावेद खान, मो मजहर अंसारी, अरविंद हांसदा, लिवास महतो, अजहरुद्दीन अंसारी, आशिक अंसारी, प्रीत पांडे, मो सरफुद्दीन अंसारी, शनवाज, सोहेल खान, तनवीर, अरमान समेत सैकड़ों छात्र शामिल हुए। इस मौके पर उपाध्यक्ष रवि पासवान, जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, सनी जिला सचिव नवाजिश अफजल झरिया नगर कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, सुंदर कुमार, उत्कर्ष, जय प्रकाश सिंह, सौमोदीप, सोहैल, आयुष मौजूद थे।

बोकारो में राजद नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मनाया लालू प्रसाद का 76वां जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। राजद कार्यालय सेक्टर 9 में रविवार को जिला राजद की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76 वां जन्म दिन केक काटकर मनाई गयी। राजद जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने लालू प्रसाद यादव की जिवनी के बारे में बताते हुए उन्हें स्वास्थ्य एवं दीघार्यू होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी युवा राजद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गिरी, महानगर अध्यक्ष रामजीत यादव, युवा प्रदेश सचिव कुंदन कुमार गुप्ता, मनोज देवगन, सत्येंद्र यादव, गीता देवी, मुन्नी

केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाते राजद कार्यकर्ता।

कुमारी, सुनीता देवी, दीपू यादव परशुराम यादव, प्रकाश भाई, प्रमोद कुमार सिंह, युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव, भावेश कुमार, विपिन यादव, प्रयाग घोष, बालेश्वर यादव, बिरजू यादव, शंकर गिरी, राजनाथ सिंह, उमेश तिवारी, भूषण यादव और अशोक सोरेन ने जन्मदिन की बधाई दी।

लालू यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही बिहार में शुरू हुआ विकास : तारकेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। राजद के धनबाद जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव के नेतृत्व में रविवार को सिंदरी स्थित पार्टी कार्यालय में आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिन मनाया गया। जिलेभर से आए नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबे उम्र की कामना की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव गरीबों के मसीहा हैं। उन्होंने हमेशा गरीब गुरबों के हित में बढ़ चढ़कर काम किया है। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद ही बिहार में विकास शुरू हुई। धनबाद में भी पार्टी को मजबूत बनाने के दिशा में हम सब

काम कर रहे है। इस अवसर पर पार्टी में शामिल हुए विनोद कुमार यादव को कार्यकारी अध्यक्ष, सुरेश राउत को उपाध्यक्ष, हरिहर राय व जोगिंदर यादव को महासचिव, और इम्तियाज खान को सचिव पद का सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर जयराम सिंह, शिवजी यादव, डीसी चौधरी, अजय पांडेय, मुकेश पांडेय, विनोद पासवान, राजू यादव, विनोद मरांडी, राकेश यादव, राहुल यादव, ऋषिदेव यादव, संजीव यादव, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

हरिजन बस्ती पहुंचे विधायक ढुल्लू महतो, सरकार-प्रशासन को कोसा

कतरास (आजाद सिपाही)। फुलारीटांड हरिजन बस्ती में शनिवार को हुई मारपीट की घटना के बाद रविवार की शाम बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत कर मामले से अवगत हुए। इसके बाद बाघमारा विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो की गठबंधन सरकार में पुलिस प्रशासन कोयला-लोहा चोर का एजेंट बनकर रह गयी है। पुलिस पेट्रोलिंग के नाम पर केवल चोरी का कोयला लदे वाहन की गिनती करती है। बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के फुलारीटांड, बांसजोड़ा, पडुआभिट्ठा सहित दर्जनों गांव में असमाजिक तत्व के लोग गोली-बम चलाकर आराम से क्षेत्र घुम रहे है पुलिस प्रशासन एक अच्छे मूकदर्शक की भूमिका निभाई जा रही है।

कतरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य का किया गया शिलान्यास, लगाये गये पौधे

अतिक्रमणकारियों से मुक्त करायी जायेगी कतरी नदी: डीसी

केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के सचिव की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को नदी के समूचित देखभाल करने की दिलाई शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। केंद्र सरकार के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव राहुल शर्मा, धनबाद के डीसी संदीप कुमार, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह व जमुआटांड़ के मुखिया निरंजन गोप ने रविवार को संयुक्त रूप से कतरी नदी में गाद की सफाई व मिट्टी कटाई कार्य का शिलान्यास फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान जल संसाधन मंत्रालय के सचिव राहुल शर्मा ने मौजूद लोगों को नदी की समुचित देखभाल की शपथ दिलाई। शिलान्यास के बाद नदी के आसपास हरियाली बनाए रखने के लिए नदी किनारे आम, अमरूद, कटहल सहित कई प्रकार के

कतरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य की नींव रखते केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के सचिव राहुल शर्मा, डीसी संदीप कुमार व अन्य।

छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर धनबाद के डीसी संदीप कुमार ने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत मनरेगा से कार्य कराया जा रहा है। कतरी नदी में 50 वर्ष पूर्व जिस तरह से पानी दिखता था। उसी तरह नदी में कल कल करता पानी दिखे इसी उद्देश्य से गाद सफाई व मिट्टी कटाई का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि नदी का अतिक्रमण हो रहा है या हुआ है तो नदी को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सीओ को अतिक्रमित स्थल को चिह्नित करने की जिम्मेवारी सौंपी है। वहीं, मुखिया निरंजन गोप से कहा कि अपने इलाके में नदी की बेहतरी के लिए जितनी भी योजना चलानी हो चलाएं। विभाग सहयोग करने को तैयार है। इधर जमुआटांड़ के पास कतरी नदी की सफाई के लिए पहला फेज के काम करने के लिए शिलापट्ट लगाया गया है। जिसमें 1785 मानव दिवस में पांच लाख रुपया की लागत से काम करने का उल्लेख किया गया है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार, एकाउंट अधिकारी मनीष कुमार, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, बीपीओ लक्ष्मी सिंह, एई नवीन कुमार, अमित कुमार, निशांत तिवारी के अलावा उमाकांत तिवारी, लखन महतो, मुबारक हुसैन, प्रेम प्रकाश सिंह, वार्ड सदस्य चंदन महतो, छोटन रजक, मो नियाज, सुशील कुमार सिंह, चंदन आदि मौजूद थे।

पुलिस के संरक्षण में खुलेआम हो रही खनिज संपदा की लूट : आनंद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। विभूति महतो के शहादत दिवस पर रविवार को मासस ने गाजेबाजे के साथ विशाल मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान विभूति महतो अमर रहे, पुलिस जुल्म बंद करो, गरीबों पर जुल्म करना बंद करो आदि नारे लगाए गए। शहीद विभूति मैदान में सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि 1991 में विभूति महतो अन्याय का विरोध करते हुए पुलिस जुल्म का शिकार हुए। उस समय से शहीद विभूति महतो मैदान में हर वर्ष विभूति महतो की शहादत दिवस मनाई जाती है। कहा कि आज पुलिस के संरक्षण में कोयला, तांबा, लोहा, अभ्रक जैसी खनिज संपदा की खुलेआम लूट हो रही है। उन्होंने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि अवैध कारोबार, भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों पर अत्याचार पर रोक नहीं लगाया गया तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। सभा में मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो, जिला अध्यक्ष वृंदा पासवान, मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, मासस प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, संतोष रवानी, सीमा देवी, देवाशीष पांडेय, कृष्णा दा, काशीनाथ मंडल, रोहित महतो, दिनेश महतो, चंदन भूमिहार, सुधीर रजक, हीरूचरण महतो, भगत रजक, अर्जुन महतो, संजीत महतो, शीतल दत्ता, विजय रजक आदि शामिल हुए।

बरगढ़ में 1607 करोड़ का एथनॉल प्लांट कृषि आधारित उद्योगों को गति देगा : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर बरगढ़। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकास तीर्थ यात्रा' के अवसर पर बरगढ़ में बीपीसीएल के निर्माणाधीन 1जी बायो एथनॉल प्लांट व 2जी बायो इथेनॉल प्लांट का दौरा किया। जिला प्रशासन और परियोजना अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्बोदय बिजन में 1607 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हो रहे इस इथेनॉल प्लांट से ओड़िशा के कृषि आधारित उद्योग को गति मिलेगी। कुल 70 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित हो रहे इस प्लांट से प्रतिदिन 200 किलो लीटर इथेनॉल का उत्पादन होगा। यह वेस्ट टू वेल्थ को बढ़ावा देगा और प्लांट स्ट्रॉ, वेस्ट और खराब चावल से इथेनॉल का उत्पादन करेगा। यह बरगढ़, संबलपुर, सोनपुर और बलांगीर सहित आसपास के क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा। स्थानीय क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह स्वदेशी रूप से विकसित संयंत्र हरित ईंधन को बढ़ावा देगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नयी और वैकल्पिक ऊर्जा का आह्वान किया है। इथेनॉल, नवीकरणीय ऊर्जा या हाइड्रोजन; सभी प्रकार की स्थायी ऊर्जा भारत के उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से आती है, जिसे भारत सरकार प्राथमिकता दे रही है।

पुआल और चावल के कचरे से इथेनॉल बनाने के लिए देश के पहले 2जी और 1जी इथेनॉल संयंत्र बरगढ़ में स्थापित किये गये हैं। इस प्लांट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के अवसर पर मोदी सरकार ने इस क्षेत्र के लिए समाज के लिए सबसे बड़ा योगदान दिया है। जल्द ही प्लांट चालू होने की उम्मीद है।

न केवल बरगढ़, बल्कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के साथ-साथ सोनपुर में नये इथेनॉल संयंत्र स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन और परियोजना अधिकारियों को इथेनॉल इंजीनियरिंग, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखते हुए नये कौशल के साथ मानव संसाधन तैयार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। इसी तरह श्री प्रधान ने इस परियोजना के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए क्षेत्रीय सरकारी आइटीआइ संस्थानों में प्रौद्योगिकी आधारित नये कौशल पाठ्यक्रम और मॉड्यूल विकसित करने के लिए जिला प्रशासन को एक और सुझाव दिया ।

केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने आगे कहा कि बरगढ़ जिला एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। धान और चावल जिले की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लिया है। बेकार और खराब चावल से बने इथेनॉल को पेट्रोल और डीजल में मिलाने से पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। इसे ध्यान में रखते हुए पिछले 9 वर्षों में चीनी उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए (गने के छीलेके) अखोदो से इथेनॉल निकाल कर 10 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पाद का लक्ष्य बहुत पहले ही पूरा कर लिया गया है।

अब भारत सरकार ने इसे बढ़ा कर 20 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह संयंत्र पश्चिम ओड़िशा के नये अध्याय से जुड़ा होगा। उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर 2018 को जब केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पेट्रोलियम मंत्री थे, तब प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इस प्लांट की आधारशिला रखी गयी थी। इस कारखाने का शिलान्यास राज्यपाल द्वारा किया गया था।

विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा भीमकुंड

बड़बिल में होगा रिंग रोड प्रोजेक्ट : 5टी सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर, क्योंझर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर 5टी सचिव वीके पांडियन शनिवार को क्योंझर के दो दिवसीय दौरे पर गये और विभिन्न स्थानों का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और बड़ी संख्या में हितधारकों के साथ चर्चा की। पांडियन ने मुख्यमंत्री नबीन पटनायक के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि खनिज संपदा से भरपूर बड़बिल के प्रदूषण और यातायात की समस्या को दूर करने के लिए 1440 करोड़ रुपये की लागत से बड़बिल रिंग रोड परियोजना जल्द शुरू की जायेगी। सबसे पहले 5टी सचिव ने पाटणा प्रखंड के भीमकुंड में जाकर वहां चल रहे परियोजना कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने भीमकुंड को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द संबंधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। 5टी सचिव ने कहा कि वे स्थानीय क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों और मस्जिदों के आसपास के विकास के संबंध में सभी अनुरोधों को मुख्यमंत्री के ध्यान में लायेंगे। बाद में, 5टी सचिव चंपुआ गये और चंपुआ एनएसी में जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का दौरा किया। वहां चल रहे 'ड्रिंक फ्रॉम टैप' प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने परियोजना के सफल क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा, अधिकारियों ने उन्हें बताया कि 'ग्रामीण मेगा पाइपलाइन जल आपूर्ति' परियोजना इस वर्ष निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जायेगी।

किट अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव का उद्घाटन

- शतरंज महाकुंभ में शामिल होंगे भारत समेत दुनिया के 20 देशों के 1200 खिलाड़ी, 32 लाख रुपये है इनामी राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रविवार 11 जून को किट परिसर स्थित विश्वनाथन आनंद अंतरराष्ट्रीय शतरंज हॉल में 14वें किट अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव का उद्घाटन किया गया। 18 जून तक तथा लगातार 8 दिनों तक चलने वाले 14वें किट अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव का उद्घाटन एशियाई शतरंज संघ के उपाध्यक्ष भरत सिंह चौहान और भारतीय शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, भारतीय शतरंज संघ के संयुक्त सचिव रंजन मोहंती, ओड़िशा शतरंज संघ के अध्यक्ष जीसी महापात्रा, सचिव देवव्रत भट्ट, टूर्नामेंट निदेशक और आइएम शेखर चंद्र साहू और किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत और अन्य की मौजूदगी में किया गया। इस शतरंज महोत्सव में भारत सहित 20 देशों के लगभग 1200 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उनमें से 14 ग्रैंडमास्टर्स, 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिताब धारक हैं और उनमें से अधिकतर आदिवासी शतरंज खिलाड़ी हैं। आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में कुल पुरस्कारों की राशि 32 लाख रुपये रखा गयी है।

टूर्नामेंट का आयोजन ओड़िशा सरकार, भारतीय शतरंज परिसंघ, भारतीय खेल प्राधिकरण, ओड़िशा शतरंज संघ और फीडर के सहयोग से किट और किस द्वारा आयोजित किया गया है।

खराब मौसम के कारण भटक कर लाहौर पहुंचा इंडिगो का विमान, आधे घंटे बाद भारतीय हवाई क्षेत्र में लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। अमृतसर से अहमदाबाद जा रहा इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान खराब मौसम के कारण भटककर लाहौर के पास चला गया। भारतीय हवाई क्षेत्र में वापस लौटने से पहले विमान गुजरांवाला तक चला गया। एयरलाइन की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी।

विमान ने साढ़े सात बजे लाहौर में किया प्रवेश : पाकिस्तान के एक प्रमुख समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 453 समुद्री मील की जमीनी गति के साथ भारतीय विमान ने शनिवार शाम करीब 7 बजकर 30 मिनट पर लाहौर में प्रवेश किया और रात 8 बजकर 1 मिनट पर भारत लौटा।

भारतीय हवाई क्षेत्र में भी घुसा था पीआइए का विमान : रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नागर विमानन मंत्रालय (सीएए) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह सामान्य घटना है, क्योंकि खराब मौसम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी अनुमति दी गयी थी। मई में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का एक विमान भारतीय हवाई क्षेत्र में घुस गया था और पाकिस्तान में भारी बारिश के कारण करीब 10 मिनट तक वहां रुका था।

पाकिस्तान के विमान को भी उतरने में हुई मुश्किल : विमान संख्या पीके-248 चार मई को मस्कत से लौट रहा था और लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास कर रहा था। हालांकि, भारी बारिश के कारण पायलट के लिए बोइंग 777 विमान को उतारना मुश्किल हो गया था। इस बीच, हवाई अड्डों पर खराब दृश्यता के कारण पाकिस्तान में कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और इसमें देरी हुई।

इस्लामाबाद की ओर मोड़ी गई लाहौर जाने वाली उड़ानें : सीएए प्रवक्ता ने कहा कि उसने लाहौर के लिए मौसम की चेतावनी शनिवार रात 11:30 बजे तक बढ़ा दी, क्योंकि अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता 5,000 मीटर थी। खराब दृश्यता के कारण लाहौर जाने वाली कई उड़ानों को इस्लामाबाद की ओर मोड़ दिया गया।

पाकिस्तान के तीन जिले सर्वाधिक प्रभावित : पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश हुई। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के आसपास के तीन जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां करीब 29 लोगों की मौत हो गयी।

ब्रिक्स देशों में शामिल होना चाहता है बदहाल पाकिस्तान

बीजिंग। आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान ने ब्रिक्स देशों के संगठन में शामिल होने की इच्छा जताई है। पाकिस्तान की सरकार देश को बदहाली से निकालने की कोशिशों में जुटी है।

धर्मांतरण मामले का मास्टरमाइंड शहनवाज ऊर्फ बद्दो गिरफ्तार

गाजियाबाद। ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए धर्मांतरण मामले का मास्टरमाइंड शहनवाज ऊर्फ बद्दो को महाराष्ट्र और गाजियाबाद पुलिस ने ठाणे से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि बद्दो अलीबाग की एक चॉल से गिरफ्तार हुआ है। गाजियाबाद के राजनगर निवासी किशोर का धर्मांतरण कराने के बाद मास्टरमाइंड बद्दो उसे अपने मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रहा था। उसके इशारे पर किशोर अपने चार दोस्तों पर धर्मांतरण का दबाव रहा था। इससे पहले महाराष्ट्र में भी करीब 400 लोगों के धर्मांतरण की सूचना पर गरमाये मामले की जांच के लिए शनिवार को महाराष्ट्र की मुंब्रा पुलिस गाजियाबाद के कविनगर थाने पहुंची। मुंब्रा क्राइम ब्रांच के सीनियर इंस्पेक्टर मालोजी शिंदे के नेतृत्व में पहुंची दो अधिकारियों की टीम ने कविनगर पुलिस और एसीपी से मुलाकात कर गेमिंग एप के जरिए हुए धर्मांतरण के मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अब तक की गयी जांच में जुटाये गये सुबूत और दस्तावेज मांगे हैं, ताकि महाराष्ट्र में गरमाए इस मुद्दे पर रिपोर्ट दी जा सके।

भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा पांचवां स्टॉक मार्केट

33 साल में सेंसेक्स 60 गुना बढ़ा, निवेशकों की संख्या 11 करोड़ के पार

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। भारतीय स्टॉक मार्केट हाल ही में एक बार फिर फ्रांस को पछाड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद (24 जनवरी 2023) अडाणी समूह के शेयरों में आयी भारी बिकवाली की वजह से इसी साल जनवरी के दौरान यह खिसककर छठे स्थान पर चला गया था, लेकिन अडाणी समूह के शेयरों में आयी रिकवरी और विदेशी निवेशकों की तरफ से की जा रही लिवाली के दम पर भारतीय शेयर बाजार अपने खोये हुए स्थान को फिर से हासिल करने में कामयाब रहा है। 28 मई 2007 को भारतीय शेयर बाजार ने 1 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर यानी करीब 82 लाख करोड़ के मार्केट कैप को पहली बार हासिल किया था। आखिरकार, 24 मई 2021 को भारतीय शेयर बाजार ने 3 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट कैप को पहली बार छुआ। इतना ही नहीं, शेयर बाजार में निवेशकों की संख्या भी 11 करोड़ के पार निकल कर 11.44 करोड़ पर पहुंच गयी है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**